CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

4274

4274

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जैन-सन्देश

(शोधाङ्क)

३१

दोवर्ष ३से

प्रकाशक :

श्री भा० दि० जैन संघ, मथुरा.

२८ दिसम्बर, १९७२

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शोधांक - सम्पादक :
डा० ज्योतिप्रसाद जैन
ज्योति - निकुञ्ज, चारबाग,
लखनऊ—१

प्रकाशक :
श्री भा० दि० जैन संघ,
चौरासी-मथुरा।

अनुक्रमणिका

क्र० सं०	विषय		लेखक	पृष्ठ
१.	गुरुगुणकीर्तन—पूज्यपाद देवनन्दि	...		२८९
२.	जैनकला संगोष्ठी-सार	...	डा० ज्योतिप्रसाद जैन	२९०
	१—जैन प्रतिमा विधान का प्रारम्भ	...	डा० यू० पी० शाह	२९१
	२—रा०सं०लखनऊ की कुछ जैनमूर्तियाँ	...	श्री वी० एन० श्रीवास्तव	२९५
	३—मथुरा के जैनआयागपट्ट-एक व्याख्या	...	श्री आर० सेन गुप्ता	२९६
	४—जैनसाहित्य पुस्तकीकरण की पृष्ठभूमि	...	डा० ज्योतिप्रसाद जैन	२९७
	५—प्रतिमा सर्वतो भद्र	...	श्री डी० वी० पाण्डे	२९८
	६—नन्द्यावर्त प्रतीक	...	श्री पी० के० अग्रवाल	२९९
	७—जैनकला एवं स्थापत्य	...	श्री एल० सी० जैन	३००
	८—रायपसेणिय में जैनकला	...	श्री आर० सी० शर्मा	,,
	९—गंगकालीन जैन मूर्तियां	...	श्री एम० ए० ढाकी	,,
	१०—म० प्र० के जैन कला केन्द्र	...	प्रो० के० डी० वाजपेयी	३०१
	११—जैनकला में जैन प्रवणता	...	श्री माइखेल नीइस्टर	३०२
	१२—कुछ विचारणीय तथ्य	...	डा० शशिकान्त जैन	३०३
	१३—बादामी की जैन गुफा	...	मी एस्चिबन लिप्पे	३०४
	१४—समापन भाषण	...	डा० मोतीचन्द्र	३०५
३.	शोधकण	...	डा० ज्योतिप्रसाद जैन	३०९
	१—जैन गुफाएं तथा गुफा मन्दिर	...	,,	३०९
	२—जैनभित्ति चित्र	...	,,	३१०
	३—बलगेरिया की जैन प्रतिमा	...	,,	३११
४.	शोधसार	...	,,	३१३
५.	शोक संवेदन	...	,,	३१५
६.	भूलसुधार	...	,,	३१६
७.	साहित्य परिचय एवं प्राप्ति स्वीकार	...	,,	३१७

विज्ञप्ति

शोधाङ्क में प्रकाशनार्थ लेखादि, समालोचनार्थ पुस्तकें, परिवर्तन में प्रेषित पत्र-पत्रिकाएं, तथा शोधाङ्क सम्बन्धी समस्त पत्र-व्यवहार शोधाङ्क सम्पादक के नाम लखनऊ के उपरोक्त पते पर भेजे जांय। विद्वान लेखक महोदयों से प्रार्थना है कि जैन इतिहास पुरातत्त्व, साहित्य एवं संस्कृति से सम्बन्धित अपने मौलिक एवं अप्रकाशित शोध-खोजपूर्ण लेख कागज के एक ओर सुवाच्य अक्षरों मे लिखकर भेजें और प्रेषित लेखों की प्रति अपने पास अवश्य रख लें।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

'संघं लाभमिम सारभूय', 'न धर्मो धार्मिकैर्विना'

श्री भारतवर्षीय दि० जैन संघ का मुखपत्र

जैन-सन्देश

शोधाङ्क—३१

सम्पादकः—

पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री — वाराणसी
डा० ज्योतिप्रसाद जैन — लखनऊ
डा० दरबारीलाल कोठिया — वाराणसी

भाग संख्या ४२ | मथुरा–गुरुवार, २८ दिसम्बर १९७२, पौष कृ० ८ वी०नि० सं० २४९९ | मूल्य १ प्रति ७५ न०पै०

गुरुगुणकीर्तन

पूज्यपाद देवनन्दि

जीयात्सोऽत्र जिनः समस्त विषयः श्री पादपूज्योऽमलो ।
भव्यानन्दकरः समाधिशतक श्रीमत्प्रभेन्दुः प्रभुः ।।

(समाधितन्त्र टीकायां प्रभाचन्द्रः)

भरदि जैनेन्द्रं भासुरं एनल् आॅरेदं पाणिणीयक्के टीकुंबरेदं
तत्त्वार्थम् टिप्पणदिम् श्रारपिदं यन्त्रमन्त्रादि शास्त्रोक्त करयं
भूरक्षणार्थं विरचिसि जसमुं तालिददं विश्वविद्याभरणं भव्या-
लियाराधित पदकमलं पूज्यपादं व्रतीन्द्रम् ।।

(कन्नड़ धर्मपरीक्षायां कृति विलासः)

इदु सकल आदिम जिनेन्द्रोक्त सिद्धान्तपयः पयोधिपारग
श्री पूज्यपाद मुनीन्द्र चारु-चरणारविंद-गंध-गुणनंदित मानस
श्री मदखिलकलागमोत्तुङ्ग मंगविभु रचतिमप्य खगेन्द्रमणि-
दर्पण..." (खगेन्द्रमणिदर्पणे मंगराजः)

'शब्दाब्धीन्दुं पूज्यपादं च वन्दे' (नियमसार टीकायां पद्मप्रभः)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

4274

जैन-कला-संगोष्ठी-सार

—डा० ज्योतिप्रसाद जैन

गत जनवरी १९७२ के अन्तिम सप्ताह में लखनऊ के राजकीय संग्रहालय में जैनकला प्रदर्शिनी एवं द्वि दिवसीय जैनकला संगोष्ठी का आयोजन हुआ था। आयोजन बड़ा रोचक एवं सफल रहा, विशेषकर जैन मूर्त्तकला और प्रतिमा विधान (आइकोनोग्राफी) के अध्ययन के लिये अतीव उपयोगी रहा।

इस संग्रहालय में प्राचीन जिन-मूर्तियों एवं अन्य जैन कलाकृतियों का उत्तम संग्रह, जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से प्राप्त हुई हैं। इनमें भी सर्वाधिक संख्या मथुरा के कंकाली टीले तथा अन्य भागों से प्राप्त शुंग-शक-कुषाण-गुप्त काल की जैनकलाकृतियों की है। प्रदर्शिनी में यह समस्त सामग्री ऐसी उत्तमरीत्या प्रदर्शित की गई थी कि जिससे जैनकला एवं जैन प्रतिमाविधान के क्रमिक विकास का सहज ज्ञान हो सके। पाषाण निर्मित कलाकृतियों के अतिरिक्त कुछ कांस्य-मूर्त्तियाँ- मृण्मूर्त्तियाँ, सचित्र पाण्डुलिपियाँ इत्यादि अन्य वस्तुएं भी प्रदर्शित थीं। प्रदर्शिनी का एक बड़ा आकर्षण मथुरा के कंकाली टीले की भूमि पर किसी समय विद्यमान सुप्रसिद्ध देवनिर्मित जैन स्तूप का निर्माणाधीन विशाल माडल (अनुकृति) रहा। यह माडल अभी भी अधूरा है किन्तु इसके बनाने में इस बात का पूरा-पूरा ध्यान रक्खा जा रहा है कि, अपेक्षाकृत छोटे पैमाने पर ही सही, मूल प्राचीन स्तूप की निकटतम प्रतिकृति बने। वस्तुतः, जैनों में स्तूप निर्माण की प्रवृत्ति गुप्तकाल (४थी-६ठी शती ई०) के लगभग ही समाप्त होगई प्रतीत होती है, जबकि बौद्धों में स्तूप का प्रचलन अधिकाधिक बढ़ता गया। फलस्वरूप लोग यह भूल गये कि जैनों के भी स्तूप होते थे। यह भी विश्वास करने के कारण हैं कि आकार-प्रकार, रूप-रेखा, शैली, अलंकरण आदि की दृष्टि से जैन स्तूप बौद्ध स्तूप से भिन्न प्रकार का होता था। इसलिए भी प्रस्तुत माडल का अतीव महत्त्व है।

प्रदर्शिनी का उद्घाटन २८ जनवरी ७२ के सायंकाल उत्तरप्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल, डा० बी० गोपाल रेड्डी ने किया था। उस अवसर पर कुछ जैन तीर्थों पर बनी एक सवाक्फिलम का प्रदर्शन हुआ था। यह कला प्रदर्शिनी लगभग दो मास तक चली और विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्रों के अतिरिक्त सहस्रों सामान्य दर्शकों ने उसका निरीक्षण किया।

इसी अवसर पर आयोजित जैनकला-संगोष्ठी का उद्घाटन २८ जनवरी के प्रातःकाल बनारसीबाग में स्थित संग्रहालय के व्याख्यान कक्ष में श्री एस-सी० गोयल, सचिव-सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग, उ० प्र०, ने किया, और गोष्ठी का प्रथम सत्र प्रिंस आफ वेल्स म्यूजियम बम्बई के निदेशक तथा प्रसिद्ध पुरातत्त्वज्ञ एवं कलामर्मज्ञ डा० मोतीचंद्र की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। पूर्वान्ह में बड़ौदा के डा० उमाकांत प्रेमनन्द शाह ने तथा लखनऊ के सहायक संग्रहालयाध्यक्ष श्री वी० एन० श्रीवास्तव ने अपने-अपने निबन्धों का सदीप व्याख्यान किया। अपरान्ह में गोष्ठी की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्त्व विभागाध्यक्ष डा० बैजनाथपुरी ने की और केन्द्रीय पुरातत्त्व विभाग

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

दिल्ली के श्री आर० सेनगुप्ता ने निबन्धपाठ किया, तथा उपस्थित विद्वानों में जैनकला विषयक विविध चर्चा हुई।

अगले दिन, २९ जनवरी के पूर्वान्ह सत्र की अध्यक्षता डा० यू० पी० शाह ने की और डा० ज्योतिप्रसाद जैन (लखनऊ), श्री दीनबन्धु पाण्डेय (हि० विश्वविद्यालय, वाराणसी), श्री प्रेमकुमार अग्रवाल (हि० वि०, वाराणसी), तथा श्री रमेशचंद्र शर्मा (संग्रहालयाध्यक्ष, मथुरा) ने निबन्ध पाठ किये, और भारतीय ज्ञानपीठ के मन्त्री श्री लक्ष्मीचन्द्र जैन ने जैनकला एवं स्थापत्य सम्बन्धी प्रस्तावित महाग्रन्थ की रूपरेखा तथा कार्यप्रगति पर प्रकाश डाला। अपरान्ह के सत्र में डा० मोतीचन्द्र ने अध्यक्षता की और श्री एम० के० ढाकी (वाराणसी), प्रो० कृष्णदत्त बाजपेयी (सागर), श्री माइखेल मीइस्टर (जर्मन), डा० शशिकांत जैन (लखनऊ) श्री एस्चवि लिप्पे (उपस्थित नहीं थे, निबन्ध भेजा था) के निबन्ध पाठ हुए और डा० मोतीचन्द्र ने अपने विद्वत्तापूर्ण समापन भाषण के साथ गोष्ठी का समापन किया।

अधिकांश भाषण सदीप थे और प्राय: सभी निबन्धपाठ, भाषण एवं चर्चाएँ अंग्रेजी भाषा में हुईं। इस उपादेय संगोष्ठी में जैन कला के विभिन्न पक्षों पर, विशेषकर जैन प्रतिमाविधान पर अच्छा प्रकाश पड़ा। चित्रकला और स्थापत्य शिल्प का बहुत कम स्पर्श हुआ।

इस आयोजन का श्रेय उत्तरप्रदेश राज्य सरकार के विभागीय अधिकारियों, विशेषकर राजकीय संग्रहालय के निदेशक हमारे मित्र डा० नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी तथा उनके समस्त सहकारी सज्जनों को है जिनके लगन, उत्साह और परिश्रम ने यह आयोजन बनाया। समय-समय पर हमारा भी परामर्श एवं यथा संभव सहयोग लेकर उन्होंने हमें भी अनुगृहीत किया।

इस आयोजन ने भविष्य के लिए ऐसे आयोजनों की सम्भावनाओं को बहुत कुछ स्पष्ट कर दिया, जिनके लिए यह एक उत्तम एवं सफल पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) का काम देगा। हमें आशा है, हमें विश्वास भी है, कि राजकीय संग्रहालय से सम्बद्ध उपरोक्त तथा तद्प्रभृति समस्त अधिकारीगण भगवान महावीर के २५०० वें निर्वाण महोत्सव वर्ष (१९७४) में ऐसी जैनकला प्रदर्शिनी तथा जैनकला संगोष्ठी और बड़े पैमाने पर तथा और अधिक सुचारु रूप से आयोजित करेंगे। तब तक संग्रहालय में निर्माणाधीन जैनस्तूप का माडल भी सर्वांग पूरा निर्मित हो जायेगा, इसकी पूर्ण आशा है।

उक्त जैनकला संगोष्ठी में पठित निबन्ध इतने उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण हैं कि हम हिन्दी में उनका सार-संक्षेप शोधांक में प्रकाशित करने का लोभ संवरण न कर सके। इसके लिए हम राजकीय संग्रहालय के निदेशक डा० जोशी तथा निबन्ध प्रणेता समस्त विद्वानों के आभारी हैं।

अस्तु, अपने इस वक्तव्य के सिलसिले में ही हम उक्त निबन्धादि का क्रमवार सार संक्षेप में दे रहे हैं, जिसे यथासम्भव मूलानुसारी रखने का प्रयत्न किया गया है:—

१—जैन प्रतिमाविधान का प्रारम्भ

(डा० यू० पी० शाह)

भारत के प्रागऐतिहासिक स्थलों से अभी तक उस काल में जैनधर्म के अस्तित्व के कोई सुनिश्चित

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

संकेत प्राप्त नहीं हुए हैं । सिन्धुघाटी में मोहनजोदडो से प्राप्त कतिपय मुद्राओं पर खड्गासन मानवाकृतियां अंकित हैं जो तीर्थंकरों की ध्यानस्थ कायोत्सर्ग-मुद्रा के साथ अति निकट सादृश्य रखती हैं, किन्तु उन्हें भी जैन कला अथवा पूजा-विधान की प्राचीनता का सुनिश्चित साक्ष्य नहीं माना जा सकता ।

जैन परम्परा के चौबीस तीर्थंकरों में से अन्तिम दो—पार्श्वनाथ एवं वर्द्धमान महावीर को ही आधुनिक विद्वान् वास्तविक ऐतिहासिक व्यक्ति मान्य करते हैं ।

हड़प्पा से प्राप्त लाल पत्थर की खण्डित मूर्तियाँ पटना के निकट लोहानीपुर से प्राप्त मोर्यकालीन पालिस वाली जिन-प्रतिमाओं के साथ अद्भुत सादृष्य रखती हैं किन्तु उनके सम्बन्ध में भी अभी सुनिश्चित कुछ नहीं कहा जा सकता ।

उपलब्ध पुरातत्विक साक्ष्य के आधार पर जैन परम्परा में प्रतिमा पूजन का अस्तित्व कम से कम मोर्य युग से रहा कहा जा सकता है ।

जहाँ तक साहित्यक साक्ष्य का सम्बन्ध है जैन आगमिक ग्रन्थों के उपलब्ध पाठ पांचवी शती के उत्तरार्द्ध में वलम्भी-वांचना में स्थिर किए गए थे ।

यह विश्वास करने के कारण हैं कि भ० महावीर के जीवन काल में ही उनकी प्रतिमा के पूजन के प्रयास किए गये थे । इस प्रकार की भ० महावीर की एक चन्दन-निर्मित प्रतिमा के बनाए जाने के उल्लेख मिलते हैं । ऐसी प्रतिमा 'जीवन्त स्वामी प्रतिमा कहलाती है । अकोटा से प्राप्त प्रतिमाओं में जीवन स्वामी की दो पुरानी कांस्य प्रतिमाएँ, जो छठी सती ई० की अनुमान की जाती है, प्राप्त हुई हैं ।

भ० महावीर द्वारा किसी जिन मन्दिर में जाने या पूर्ववर्ती तीर्थंकरों की प्रतिमा पूजने का कोई उल्लेख नहीं मिलता, वरन् उनके यक्षायतनों अथवा यक्ष-चैत्यों में भी ठहरने के उल्लेख मिलते हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि जिन-प्रतिमा प्राचीन यक्ष मूर्तियों के आदर्श पर ही निर्मित हुईं और प्राचीन यक्ष-नाग सम्प्रदाय की पूजा-पद्धति को प्रभावित किया । यह भी लगता है कि बौद्ध परम्परा में यक्ष और तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के प्रभाव के फलस्वरूप ही मूर्ति पूजा प्रचलित हुई । डा० जायसवाल द्वारा लोहनीपुर से खड्गासन जिन-मूर्ति का मौर्यकालीन धड़ मूर्ति पूजा सम्बन्धी जैन अनुश्रुतियों की प्रमाणिकता को तो सिद्ध करता ही है, ई० सन् के लगभग निर्मित जिन एवं बुद्ध प्रतिमाओं के एक प्राचीनतर आधार के मगध देश में विद्यमान रहने को भी प्रमाणित करता है। लोहानीपुर में एक चोकोर मन्दिर की नींव में से अनेक मौर्यकालीन अवशेषों के साथ एक अन्य बिना पालिश किया हुआ जिन प्रतिमा का धड़ भी प्राप्त हुआ है ।

चौबीस तीर्थंकरों की परम्परा कल्पसूत्र, समवायांग सूत्र प्रवचनसारोद्धार, चतुर्थ विंशतिस्तव या लोगस्ससूत्र, नायधम्म कहाहो, स्थानांग सूत्र, आवश्यक निर्युक्ति, भगवती सूत्र आदि आगमिक ग्रन्थों से सिद्ध है । इसमें सन्देह नहीं कि ई० सन् के प्रारम्भ के लगभग और सम्भवतया उससे भी दो-एक शताब्दी पूर्व चौबीस तीर्थंकरों के अस्तित्व के सम्बन्ध में लोगों का विश्वास था ।

मथुरा के कंकाली टीले तथा अन्य निकटवर्ती स्थानों से प्राप्त जैन मूर्तियों का साक्ष्य यह सिद्ध करता है कि कम से कम दूसरी शती ईसा पूर्व से जैन परम्परा में स्तूप पूजा प्रचलित थी । कंकाली टीले का जैन स्तूप ७वें० तीर्थंकर सुपार्श्व का रहा विश्वास किया जाता है, किन्तु सभवतया वह २३ वें तीर्थंकर पार्श्व का था जो जैन अनुश्रुतियों के अनुसार महावीर निर्वाण (५२७ ईसा पूर्व) से २५० वर्ष हुए थे । इस स्थान से प्राप्त कलावशेष जो मुख्यतः दूसरी या पहली

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शती ईसा पूर्व से लेकर कुषाण काल के अन्त तक के है यह प्रकट करते हैं कि उक्त स्तूप का जीर्णोद्धार विस्तार तथा मूर्तियों से अलंकरण ईस्वी, सन् के प्रारम्भ के लगभग हुआ था। मथुरा के ये कला अवशेष सिद्ध करते हैं कि उस काल में जैनों में स्तूप, चैत्यवृक्ष, धर्मचक्र, आयागपट्टों, अष्टमंगल द्रव्यों, यथा स्वस्तिक, धर्मचक्र, नन्द्यावर्त, वर्धमानक्य, श्रीवत्स, मीनयुगल, पद्म, दर्पण इत्यादि की पूजा प्रचलित थी। तीर्थंकरों की खड्गासन तथा पद्मासन दोनों ही प्रकार की प्रतिमाओं में किसी प्रकार के भी वस्त्रावरण के चिह्न का भी न होना यह स्पष्टतया सिद्ध करता है कि यद्यपि दिगम्बर श्वेताम्बर सम्प्रदायभेद ईसा की पहली या दूसरी शताब्दी में निष्पन्न हो गया था, तीर्थंकर प्रतिमाओं के निर्माण में कोई भेद या अन्तर नहीं पड़ा।

मथुरा के कंकाली टीला से कुषाणकाल की सर्वतोभद्र अथवा चतुर्मुख (चौमुख) प्रतिमाएँ भी प्राप्त हुई हैं जो दोनों ही सम्प्रदायों में कालान्तर से भी लोकप्रिय रही हैं। उसी काल की उक्त स्थान से एक सरस्वती प्रतिमा भी प्राप्त हुई है। तीर्थंकरों की जीवन घटनाओं तथा अन्य जैन पौराणिक आख्यानों के मूर्तांकन भी मथुरा से प्राप्त हुए हैं, यथा नीलांजना का नृत्य, हरीनैगमेसी, इत्यादि।

पूर्व मध्यकालीन तीर्थंकर प्रतिमाओं में प्रदर्शित पूरा परिकर तब तक विकसित नहीं हुआ था और मात्र प्रभामण्डल, चैत्रवृक्ष, उड़ते हुए विद्याधर गन्धर्व इत्यादि ही अंकित पाए जाते हैं। कुषाण कालीन प्रतिमाओं में ये तीर्थंकर लांछन और सम्बद्ध यक्ष-यक्षि का भी अंकन नहीं पाया जाता। आजू-बाजू खड़े चमरधारी यक्षों के स्थान में उक्त काल की प्रतिमाओं में दाता उपासक और उसकी पत्नी अथवा मुनि आर्यिका के अंकन पाए जाते हैं। जिन-प्रतिमा के सिंहासन पर दोनों कोनों पर एक-एक सिंह और बीच में एक धर्म-चक्र अंकित होता है जिसके दोनों ओर साधु-साध्वी और श्रावक-श्राविका अंकित रहते हैं।

लांछन के अभाव में तीर्थंकर की पहचान सिंहासन पर अंकित लेख में उल्लिखित नाम से होती है। कुषाणकाल की प्रतिमाओं में बहुधा ऋषभनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर की प्रतिमाएँ हैं। वर्ष २९९ (अथवा १९९) की अर्हत नन्द्यावर्त की प्रतिमा के आसन लेख को प्रो० कृष्ण दत्त बाजपेयी ने पुन: पाठ शुद्ध करके बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रत की प्रतिमा सिद्ध की है और स्मिथ ने वर्ष ९ में प्रतिष्ठापित एक प्रतिमा को तीसरे तीर्थंकर सम्भवनाथ की सूचित किया है। इस प्रकार ऐसा लगता है कि दूसरी-तीसरी शताब्दी ई० के पूर्व ही चौबीस तीर्थंकरों की सूची पूर्ण हो चुकी थी और सम्भवतया ऋषभ, नेमि, पार्श्व और महावीर के अतिरिक्त अन्य तीर्थंकरों से सम्बन्धित विस्तार कुषाण काल के अन्त के लगभग एक पूर्णता को प्राप्त हुए, अर्थात् आर्य स्कांदिल की माथुरी वाचना (लगभग ३००-३०० ई०) के पूर्व ही।

कल्पसूत्र में तीर्थंकरों के लांछन का कोई उल्लेख नहीं है। आवश्यक निर्युक्ति में आदिनाथ के ऋषभ लांछन का उल्लेख है। तीर्थंकरों के ३४ अतिशयों की प्राचीन सूचियों में भी लांछनों का समावेश नहीं है। उनमें से अष्ट प्रतिहार्य कभी-कभी तीर्थंकर प्रतिमाओं अथवा चित्रों में अंकित मिलते हैं। प्रतिहार्यों की सूची को अन्तिम रूप गुप्त काल के अन्त के लगभग दिया गया प्रतीत होता है। लांछनों के स्पष्ट उल्लेख ७वीं-८वी शती ई० की तक के ग्रन्थों में नहीं प्राप्त होते किन्तु वैभार गिरि (राजगिर) की गुप्तकालीन नेमिनाथ प्रतिमा के आसन पर शंख लांछन अंकित है। चन्द्रगुप्त के अग्रज रामगुप्त द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमा पर भी लांछन नहीं है। गुप्तोत्तर काल की भी कुछ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

मूर्तियों पर लांछन नहीं मिलता, तथापि लांछनों का प्रारम्भ वल्लभी वाचना (४७३ ई०) से हुआ प्रतीत होता है, जबकि दोनों सम्प्रदायों में पूर्णतया अन्तिम अलगाव हो गया था।

विभिन्न तीर्थंकरों के शरीरों के विभिन्न वर्ण थे, जिनके आधार पर भी उन्हें चिन्हा जाता है। इसके अतिरिक्त आदिनाथ (ऋषभ)की प्रतिमाओं में बहुधा सिरके घुंघराले बाल कन्धों तक लटकते प्रदर्शित किये जाते हैं। आदिनाथ के वृषभ (नन्दी)लाँछन, जटा-जूट तथा सेवक गोमुख यक्ष उनका शिव के साथ अद्‌भुत सादृश्य स्थापित करते हैं।

प्रत्येक तीर्थंकर को जिस वृक्ष के नीचे केवलज्ञान हुआ। वह उस तीर्थंकर का चैत्यवृक्ष कहलाता है किन्तु कला में प्रायः अशोक वृक्ष का ही चैत्य वृक्ष के रूप में अंकन हुआ है।

जैन परम्परा में सर्वोपरि उपासनीय देवाधिदेव अर्हंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधू नामक पंच परमेष्टि हैं। तीर्थंकर अर्हतों में से ही होते हैं और धर्म-तीर्थ की स्थापना करनेके कारण तीर्थंकर कहलाते हैं। सिद्ध मुक्त-आत्माएँ हैं, अमूर्त और निराकार हैं, और चित्रों में बहुधा अर्धचन्द्राकार सिद्धशिला के ऊपर विराजमान प्रदर्शित किए जाते हैं। पंच परमेष्टि मे चार और पूजनीय पद सम्मिलित करके नव-देवता की स्थापना हुई जिसका प्रारम्भ नवीं शती ई० के लगभग हुआ प्रतीत होता है।

महापुरुषों की इस पूजा उपासना के फलस्वरूप जैन परम्परा में ६३ शलाका पुरुषों की मान्यता हुई, किन्तु उनमें से २४ तीर्थंकरों को छोड़कर अन्यों के कला में मूर्तांकन अति-विरल है।

जैन परम्परा में अन्य देवों के चार वर्ग—भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्क एवं विमानवासी-माने जाते हैं। महापुरुषों में १४ (अथवा सात) कुलकरों या मनुओं की भी मान्यता है।

जैन परम्परा में तथा बौद्धों में भी इन्द्र को जिन देव या बुद्ध का प्रधान सेवक सूचित किया गया है। उसका सेनापति भी स्कन्द है। अजमुख नैगमेष देवता की भी मान्यता चली। इनके अतिरिक्त श्रुत देवता या सरस्वती और श्री (लक्ष्मी)की भी पूजा चली। मथुरा के कंकाली टीले से प्राप्त जैन सरस्वती की मूर्ति अत्यन्त प्राचीन हैं। परवर्ती काल में सरस्वती मूर्तियों के रूप में अनेक परिवर्तन और विकास हुए।

भारतवर्ष में यक्ष पूजा अत्यन्त प्राचीन काल से चली आती है। जैन आगमिक साहित्य में भी अनेक यक्ष चैत्यों का उल्लेख है। पूर्णभद्र और मणिभद्र सर्व प्रसिद्ध प्राचीन यक्ष थे। औपपातिक सूत्र में वर्णित पूर्ण भद्र चैत्य, जिसमें महावीर एक समय ठहरे थे, महत्वपूर्ण है। उसमें जिस चमकदार पृथ्वी शिला पट्टका उल्लेख है वह कोसम और वैशाली के उत्खननों में प्राप्त छठी सातवीं शती ईसा पूर्व के काले चमकदार पालिश के मृण-पात्रों की ओर संकेत करता है और ऐसा लगता है कि उसके अनुकरण पर ही मथुरा के वे जैन आयाग पट्ट प्रचलित हुए जिनका समय ईसा के पूर्व एवं पश्चात् की दो शतियाँ हैं। जैन परम्परा में देवतावाद के विकास के परिणाम स्वरूप प्रत्येक तीर्थंकर के शासन देवताओं के रूप में एक एक यक्ष-यक्षि युगल की भी मान्यता चली जिनका अंकन जिन प्रतिमा के आसन पर किया गया। शनैः शनैः इन यक्ष-यक्षियों के आकार-प्रकार, रूप-रंग, आकृति, आयुध, वाहन, आदि परिकल्पित किए गए। अम्बिका यक्षि का सर्व प्रथम उल्लेख जिनभद्रगणी क्षमाश्रमण के विशेषावश्यक भाष्य की स्वोपज्ञ टीका (लगभग

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

५००-६०० ई०) में प्राप्त होता है और अम्बिका की सर्व प्राचीन मूर्ति भी ५५० ई० से पूर्व की नहीं है। एहोल के मेगुति मंदिर की अम्बिका मूर्ति भी ६३४ ई० के आस-पास की है। एलोरा की जैन गुफा में भी कई सुन्दर नमूने हैं। इसी प्रकार पद्मावती देवी के मूर्तांकनों का विकास भी उतना ही दिलचस्प है। ९०० ई० से पूर्व की पार्श्व प्रतिमाओं में उनकी यह यक्षि प्रायः नहीं पाई जाती। अपने साथी धर्णेन्द्र यक्ष के साथ वह तीर्थंकर पार्श्व की सेविका है और कमठ उपसर्ग निवारण के दृश्य सहित वे दोनों पार्श्व प्रतिमा के साथ अंकित पाए जाते हैं। एलोरा, धारासिव, चितराल, वल्लीमलय, कालगूमलय इत्यादि अनेक स्थानों में इस प्रकार के अनेक सुन्दर प्रस्तरांकन पाए गए हैं। १६ महाविधाओं की सूची २४ यक्ष-याक्षो की सूचियों से प्राचीन मालूम होती है। और उनमें से भी १३ वीं महाविधा वैरोट्या भी एक नागदेवी है। ऐसा लगता है कि मध्य काल में पद्मावती ने वैरोट्या का स्थान ले लिया और वह अम्बिका के बाद सर्वाधिक लोकप्रिय देवी हुई। उसे लेकर भैरव-पद्मावती कल्प आदि अनेक मन्त्र शास्त्र रचे गए। प्रथम तीर्थंकर की यक्षिणी चक्रेश्वरी भी लगभग ९०० ई० के उपरांत ही लोक प्रिय हुई लगती है। उसका प्रतिमा विधान हिन्दू परम्परा की वैष्णवी देवी से बहुत मिलता जुलता है। चक्रेश्वरी अपरनाम अप्रति चक्रा नाम की एक विद्या देवी भी है और वह तन्नाम यक्षि से प्राचीनतर मालूम होती है। महावीर की यक्षि प्रारम्भ में अम्बिका थी जिसका स्थान बाद में सिधापिका ने ले लिया, और यद्यपि वह चार यक्षणियों में से एक है, अन्य तीन, अर्थात् चक्रेश्वरी, पद्मावती और अम्बिका जितनी लोक प्रिय नहीं हो सकी।

—

२—लखनऊ राजकीय संग्रहालय की कुछ दिलचस्प जैनमूर्तियाँ

(श्री बी० एन० श्री वास्तव)

संग्रहालय का मुख्य जैन संग्रह मूलतः मथुरा के कंकाली टीले से आया है और उसमें अनेक मूर्तियों न केवल उच्च कोटि की कलात्मक हैं वरन् प्रतिमा विधान तथा जैनधर्म के प्राचीन इतिहास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं : इन कलाकृतियों में आयागपट्ट, स्तूप, यक्ष्य-यक्षि, मेंगमैन्शी, सरस्वती, बलराम-नेमिनाथ-बासुदेव कृष्ण-विग्रह, प्रतिमा सर्वतोभद्रिका, मांगलिक चिन्ह, धर्मचक्र, चैत्य-वृक्ष तथा अनगिन्त एकांकी तीर्थंकर प्रतिमाएँ आदि मथुरा के तत्कालीन जैनों की देन हैं। कंकाली टीले से प्राप्त संग्रह से ऐसा प्रतीत होता है कि जैनमूर्ति पूजा का प्रारम्भ सम्भवतया पूर्वी भारत में न होकर मथुरा में हुआ। जैनधर्म के प्रचार करने और उसे लोकप्रिय बनाने में मथुरा का प्रमुख योगदान रहा। यह ध्यातव्य है कि दिगम्बर-श्वेताम्बर सम्प्रदाय भेद, जो कम से कम तीसरी शती ईसा पूर्व जितना प्राचीन है, मथुरा की जिनमूर्तियों में उत्तरमध्य काल पर्यन्त भी उसका कोई प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होता। वहाँ श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा प्रतिष्ठित प्रतिमाएँ भी दिगम्बर ही रही हैं। वहाँ के प्रतिमा लेखों में जिस सम्वत् का प्रयोग हुआ है वह प्रायः ७८ ई० का शक स० ही समझा जाता है। किन्तु कुछ प्रतिमाएँ ऐसे भी हैं जो उनमें उल्लेलित वर्ष की दृष्टि से प्रायः सम-सामयिक होनी चाहिए तथापि इनकी शैली आदि इतनी भिन्न है कि जिससे लगता है कि उस समय मथुरा में प्रसिद्ध शक० सं० से पूर्ववर्ती या परवर्ती अन्य सम्वत् भी प्रचलित रहे।

इस निबन्ध में विशेष रूप से दो-तीन ऐसे प्रस्तरांकनों पर प्रकाश डाला जा रहा है जिन पर अभी तक विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इनमें दो ऐसे प्रस्तरांकन हैं जो दूसरी शती ईसा पूर्व के हैं। इनमें से

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

एक रोचक जैन पौराणिक दृश्य प्रस्तुत करता है। इस कलाकृति का एक टूटा हुआ अंश अभी हाल में ही लेखक ने पुराने पड़े ढेर में से खोज निकाला है जिसे जोड़ने पर दृश्य और स्पष्ट हो जाता है। इस अंकन को पहले मात्र एक नृत्य दृश्य समझा जाता था। तदनन्तर डा० वी० एस० अग्रवाल ने उसे भ० महावीर का जन्मोत्सव दृश्य समझा। किन्तु यह दृश्य नीलांजना का नृत्य है (जिसके फलस्वरूप ऋषभदेव को वैराग्य हुआ था) यह तथ्य सर्वप्रथम लखनऊ के डा० ज्योतिप्रसाद जैन ने तथा डा० यू० पी० शाह ने सुझाया और यही सुझाव उपयुक्त प्रतीत होता है। इसमें एक छोटी सी नग्न मूर्ति का भी अंकन है जो भ० ऋषभ की होनी चाहिये। टूटे हुए टुकड़े को जोड़ने के बाद जो पूरा पट्ट बनता है उसमें ऋषभनाथ की दीक्षा के प्रसंग की कई क्रमिक घटनाओं का अंकन है।

दूसरा प्रस्तरांकन (वी० २०७) मथुरा से प्राप्त बौद्ध मूर्ति संग्रह में पड़ा हुआ था किन्तु इसमें सन्देह नहीं है कि वह एक जैन कला कृति है जिसमें अंकित हुआ कृतियों में से एक छोटी सी तीर्थंकर मूर्ति भी है, स्तूप है और हरी नैंगमेशी की मूर्ति है। तोरण के रूप में बने हुए इस अलंकरण में तीनकक्ष हैं, अनेक मानवाकृति अंकित हैं और यह स्तूप पूजा के लिए आए एक जुलूस का दृश्य प्रतीत होता है। जैसा स्तूप इसमें बना है बिल्कुल वैसा ही मथुरा से प्राप्त तीन अन्य प्रस्तरांकनों में भी पाया जाता है और वह बौद्ध शैली के स्तूप से भिन्न है। जैन स्तूप में चार वेदिकाएँ होती थीं जबकि बौद्ध स्तूप में केवल तीन और जबकि बौद्ध स्तूप अर्द्धगोलाकार होता था जैन स्तूप लम्बोतरी आकृति का होता था।

गुप्तकाल से पूर्व की जिन प्रतिमाओं में लांछन नहीं पाया जाता। आदिनाथ की प्रतिमाएँ उनके कन्धों तक लटकते बालों से, सुपार्श्व और पार्श्व की सिर के ऊपर बने फणि-मण्डप से और नेमिनाथ की उनके साथ अंकित बलराम और कृष्ण की आकृतियों से चीन्ही जाती हैं। इस प्रकार की अनेक मूर्तियाँ मिली हैं और इनसे यह सूचित होता है कि तीर्थंकर नेमिनाथ का घनिष्ट सम्बन्ध मथुरा से रहा है।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण मूर्ति एक खण्डित फलक के एक सिरे पर उत्कीर्ण है किन्तु उसका सिर गायब है। ऐसा प्रतीत होता है कि सम्भव है वह बलराम की हो। (लेखक ने अपने मूल निबन्ध में उपरोक्त कलाकृतियों का विस्तृत वर्णन एवं तुलनात्मक विवेचन किया है।

—

(३) मथुरा के जैन आयागपट्टों की एक व्याख्या

(श्री आर० सेन गुप्ता)

मथुरा के ककाली टीले पर स्थित जैन स्तूपों से सम्बन्ध आयागपट्ट किन्हीं अंशों में वैसे ही हैं जैसे कि आन्ध्र देश आदि के बौद्ध स्तूपों से संबद्ध आयक् चौतरे। 'आयाग' और आयक' शब्दों के अर्थ विद्वानों पर अभी तक पूर्णतया स्पष्ट नहीं है। बुहलर के अनुसार अर्हतों की पूजा के लिए स्थापित पूजापट्ट को 'आयाग पट्ट' कहते हैं। डा० अग्रवाल 'आयाग' और 'आयक' व्युत्पत्ति संस्कृत 'आर्यक' से बताते हैं। मथुरा से प्राप्त एक फलक से प्रतीत होता है कि स्तूप के चारों दिशाओं में बने चार द्वारों में से प्रत्येक के सामने एक-एक आयागपट्ट स्थापित किया जाता था। लूडर्स और बर्गेस 'आर्यक' के अर्थ 'द्वार' करते हैं और गोपालाचार्य 'द्वार पर स्थित कोई वस्तु' विभिन्न स्थानों के बौद्ध स्तूपों के अवलोकन से यह प्रगट है कि ये आयक पट्ट केवल पुष्प चढ़ाने के

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

लिए ही नही बनाये जाते थे। तक्षशिला, अहिछत्रा, वैशाली, अमरावती, नागार्जुनिकोंडा आदि स्थानों के स्तूपों के साथ 'आयक' मिले हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि आयागपट्ट उन यवन (यूनानी) स्तम्भों के अनुकरण पर बनाए गए जो समाधियों के सामने बनाए जाते थे। क्योंकि उस काल में भारत के विभिन्न भागों में अनेक यवन (यूनानी) निवास करते थे, यह सम्भव है कि उन्हीं के 'ओमफलस' (समाधि टीका) के सम्मुख स्थापित 'अगइयूस' (स्तम्भ) के प्रभाव के फलस्वरूप बौद्ध 'आयक' और जैन 'आयाग पट्टों' का प्रचलन हुआ।

अस्तु 'आयाग' स्तूप के द्वार रक्षक के देवता के रूप में स्थापित किया जाता था और इसीलिए उस पर पुष्प चढ़ाये जाते थे। श्री लंका में भी स्तूपद्वार के सम्मुख बने 'वा-हल-कद' आयक ही थे। आन्ध्र देश में 'आयक' चबूतरे के ऊपर पाँच आयस्क-खम्भ भी बनाए जाते थे। भागवत धर्म की पंचवीर पूजा का मूल भी सम्भवतया इसी तथ्य में है। ऋग्वेद में वैश्वानर को अग्नि स्तम्भ कहा है। (निबन्ध में लेखक ने यूनानी, ब्राह्मण एवं बौद्ध साहित्य एवं कला से अनेक दृष्टान्त देकर अपने मत की पुष्टि की है।

—

(४) जैन साहित्य के पुस्तकीकरण की पृष्ठभूमि–सरस्वती आन्दोलन

(डा० ज्योति प्रसाद जैन)

कला और साहित्य का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। अनेक अंशों में वे एक दूसरे के आश्रित, अनुसर्ता एवं पूरक हैं। अत: किसी धर्म परम्परा या सांस्कृतिक समुदाय की कला का मूल्यांकन करने के लिए उसकी साहित्यिक अनुश्रुतियों और उसके मूल स्रोतों की जानकारी आवश्यक है।

जैनधर्म प्राचीन भारतीय संस्कृति की उस धारा का प्रतिनिधित्व करता है जो सूदूर अतीत में आर्हत, व्रात्य, श्रमण अथवा निर्ग्रन्थ कहलाती थी जिस प्रकार कि वर्तमान हिन्दू-धर्म उस धारा का प्रतिनिधित्व करता है जो बार्हत, वैदिक या ब्राह्मण कहलाती थी। जैनधर्म का संस्थापक प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव को माना जाता है, जिन्होंने मानवी सभ्यता का ओम्-नमः किया, मनुष्यों को विविध कला, शिल्प उद्योगधन्धे सिखाए और लेखन कला का आविष्कार किया। तीर्थंकरों ने अपना उपदेश अपने समय की लोकभाषा में दिया और उन उपदेशों का संकलन जिनवाणी, आगम या श्रुति कहलाया। अन्तिम तीर्थंकर महावीर (छठी सती ईसापूर्व) के उपदेश द्वादश अंगों के रूप में संकलित हुए, जिनका सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंश 'चौदह पूर्व' थे। इनके अतिरिक्त अनेक प्रकीर्णक (पयन्ना, रचनाएँ थीं। यह आगम श्रुत गुरु-शिष्य परम्परा में मौखिक द्वार से महावीर निर्वाण (५२७ ई० पूर्व) के लगभग ६००-७०० वर्ष बाद तक प्रवाहित रहा। महावीर की शिशु परम्परा के प्रारंभिक जैन साधु परम त्यागी, निष्परिग्रही वनवासी, तपस्वी होते थे और वे बहुत समय तक आगम ज्ञान के लिपिबद्ध करने के विरोधी बने रहे। संघ का संगठन अति-उत्तम था—संघाचार्य, गणी, उपाध्याय, वाचकाचार्य, उच्चारणाचार्य प्रच्छकाचार्य, वर्तकाचार्य इत्यादि पदवीधारी मुनि आगमज्ञान का संरक्षण करने में स्वयं को समर्थ समझते थे, तथापि कालदोष से उस ज्ञान में शनै:-शनै: ह्रास होता गया और मतभेद भी उत्पन्न होते गए।

चौथी शती ईसा पूर्व में भद्रबाहु श्रुतकेवलि के समय पहले-पहल संघ के चिन्ह प्रकट हुए, जिसके

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

फलस्वरूप आगे चलकर जैन-संघ दिगम्बर और श्वेताम्बर दो सम्प्रदायों में विभक्त हो गया। प्रायः उसी समय से संघ की एक शाखा (दिगम्बर) का मुख्य केन्द्र दक्षिण भारत का कर्णाटक प्रदेश बना तो दूसरी शाखा (श्वेताम्बर) का मुख्य केन्द्र सौराष्ट्र-गुजरात बना। मथुरा दोनों ही का मिलन स्थल बना रहा है और इसी महानगर से उस महान 'सरस्वती आन्दोलन' का प्रवर्तन हुआ जिसके परिणाम स्वरूप जैन आगमिक ज्ञान का लिपि बद्धीकरण और जैन पुस्तक साहित्य का प्रणयन प्रारम्भ हुआ। ऐसा प्रतीत होता है कि इस आन्दोलन की अधिष्ठात्री अथवा प्रतीक सरस्वती देवी बनाई गई जिसकी एक आदमकद खण्डित मूर्ति जिसके एक हाथ में गोमूत्र चिह्नांकित डोरी से बंधी पुस्तक है तथा दूसरे में सम्भवतया अक्षमाला थी अथवा वह वरद मुद्रा में था। (वह हाथ खंडित है।) देवी के आसन के निकट दो पुरुष, जिनमें से एक शक वेश-भूषा में है, अंकित हैं। इस प्रतिमा की स्थापना वर्ष ५४ (सम्भवतया १३२ ई०) में कोटिटगण-थानिय कुल—वैरिय शाखा के वाचक आर्य हस्त-हस्ति के शिष्य गणी आर्य मा-(ना-)ग अस्ती हस्ति के श्रद्धाचारी वाचक आर्यदेव की प्रेरणा से सिंह के पुत्र लोहिकारक गोप ने कराई थी। सरस्वती की यह प्रतिमा जैन परम्परा की ही नहीं समस्त भारत की उस देवी की उपलब्ध मूर्तियों में सर्व प्राचीन है। यह भी सम्भव है कि ऐसी अन्य प्रतिमाय उसके और १००-२०० वर्ष पहले से बननी प्रारम्भ हो गई हों। कम से कम उसकी परिकल्पना तो हो ही चुकी होगी। दूसरी शती ईसापूर्व के सम्राट खारवेल के हाथी गुंफा शिला लेख से यह प्रगट है कि उस समय आगमों के लिपिबद्ध करने की आवश्यकता महसूस होने लगी थी और सम्भवतया मथुरा के जैन साधुओं ने ही खारवेल द्वारा आयोजित मुनि सम्मेलन में यह प्रश्न जोर-शोर से उठाया तथा वहाँ से वापस आकर मथुरा मे विधिवत यह आन्दोलन छेड़ दिया। ज्ञान कीअधिष्ठात्री सरस्वती को उन्होंने इस आन्दोलन का प्रतीक बनाया प्रतीत होता है।

मथुरा के उक्त सरस्वती आन्दोलन के फलस्वरूप ही दक्षिण के कुन्द-कुन्द आदि दिगम्बराचार्यों ने आगमिक ज्ञान का पुस्तकीकरण तथा उसके आधार पर स्वतन्त्र साहित्य का प्रणयन पहली शती ईसा पूर्व के ही लगभग प्रारम्भ कर दिया था और श्वेताम्बर शाखा के आचार्यों ने आगमों की वाचनायें करनी प्रारम्भ कर दी थीं। थापनीय नाम की एक अन्य शाखा के आचार्यों ने भी साहित्य सृजन करना प्रारम्भ कर दिया था। इसके अतिरिक्त उन अद्वितीय असंख्य कला कृतियों का निर्माण भी प्रारम्भ हो चुका था जो स्वयं मथुरा में दूसरी शती ईसा पूर्व से लेकर गुप्तकाल पर्यन्त निर्मित हुई।

———

(५) प्रतिभा सर्व तो भद्रिका

—श्री दीनबन्धु पांडेय

प्रतिमा-सर्व तो भद्रिका, चतुर्बिंब, चतुर्मुख, या चौमुखी प्रतिमाओं का जैन परम्परा में पर्याप्त चलन रहा है। कुछ विद्वान् इनकी तुलना ब्राह्मणीय त्रिमूर्ति अथवा चतुर्मुख शिवलिंग से करते हैं। कुछ ऐसा मानते हैं कि ऐसी प्रतिमा जैनों से ब्राह्मणों में आयीं और कुछ यह कि चतुर्मुख शिवलिंग के अनुकरण पर जैनों ने ऐसी प्रतिमाएँ बनाईं।

ऐसी प्रतिमाएँ दो प्रकार की हैं। एक में चारों प्रतिमाएँ एक ही तीर्थंकर की होती हैं और दूसरे में विभिन्न तीर्थंकरों की।

सर्वतोभद्र की कल्पना मूलतः समवसरण के आधार पर की गई है, जिसमें उपदेश देते हुए तीर्थंकर चारों ओर से एक समान दृष्टिगोचर होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

इसके अतिरिक्त, ऐसी प्रतिमाओं के दर्शन चारों ओर से हो सकते हैं। सुधि दे के अनुसार चौमुखी-प्रतिमा में विभिन्न तीर्थंकरों की योजना मूल कल्पना में एक उत्तरवर्ती विकास है। कभी-कभी ऐसी प्रतिमाओं में चार से भी अधिक, यहाँ तक कि चौबीस तक भी मूर्तियाँ होती हैं।

वैष्णव धर्म के विष्णु पट्टों में भी देवता के विभिन्न रूप दर्शाने के लिए ऐसी परिकल्पना की गई। जैन चौमुखी प्रतिमाओं में कुछ में ऋषभ, सम्भव, और महावीर की मूर्तियाँ पायी गई हैं, किन्तु बहुधा वे ऋषभ, शान्ति, पार्श्व और महावीर की होती हैं। कहीं-कहीं शान्तिनाथ के स्थान में नेमिनाथ की होती है। जहाँ चौबीसों एक साथ होती हैं वहाँ छः छः प्रत्येक दिशा में बनाई जाती हैं। सूरत की एक कांस्य मूर्ति में अनेक बैठी हुई जिन-मूर्तियाँ चारों ओर छोटी-छोटी वेदियों में विराजमान हैं, जो प्रमुख खड्गासन जिन मूर्तियों के चारों ओर बनी हुई हैं। कुषाणकाल की तीर्थंकर मूर्तियाँ प्रायः खड्गासन है, किन्तु महावीर की चतुर्मुखी मूर्तियों में वे पद्मासन है। गुप्तकाल की मूर्तियों में उड़ते हुए विद्याधर कुबेर, हारिति और नवग्रह उत्कीर्ण रहते हैं। प्रारम्भिक मध्यकाल की सर्वतोभद्र मूर्तियाँ छोटे-छोटे मन्दिरों के रूप में बनी हुई है। चार से अधिक या चौबीस तीर्थंकरों का अंकन सर्वतोभद्र के विकास में तीसरा चरण रहा प्रतीत होता है। इस निबन्ध के तैयार करने में प्रो० एस० के० सरस्वती, श्री जे० एन० तिवारी और श्री मारुति नन्दन तिवारी से मूल्यवान सहायता मिली है जिसके लिए लेखक उनका आभारी है। (लेख के साथ पाद टिप्पणियों में आवश्यक संदर्भ भी दिए हुए हैं।)

———

(६) नद्यावर्त प्रतीक की पहिचान पर एक टिप्पण—

(—श्री पी० के० अग्रवाल)

भारतीय कला में मांगलिक चिन्हों एवं विभिन्न कलंकरणों की सूची अत्यधिक समृद्ध है। हमारी मूर्ति कला का इतिहास सार्थक प्रतीकों की समर्थ भाषा से मुखर है। स्वस्तिक, पूर्णघट आदि ऐसे प्रतीक हैं जिनका अर्थ स्वतः स्पष्ट है, नाम से ही जिनका बोध हो जाता है, किन्तु कुछ ऐसे भी प्रतीक हैं यथा नन्द्यावर्त, जिनकी सुनिश्चित पहिचान एक समस्या है। स्वस्तिक और श्रीवत्स के साथ यह बहुधा अष्ट-मांगलिक चिन्हों में समाविष्ट रहता है। जैन, बौद्ध और ब्राह्मण, तीनों ही परम्पराओं के प्राचीन साहित्य में इसके उल्लेख मिलते हैं, जिससे सभी विभिन्न धर्मों में इसकी लोक प्रियता सूचित होती है। कुछ विद्वान इसका समीकरण नन्दीपक्ष या गोपक्ष से करते हैं; वस्तुतः 'नन्द्य' का अर्थ सुखद अथवा मांगलिक है और 'आवर्त' के अर्थ घेरा। जैनों में वर्तमान में नन्द्यावर्त का रूप एक स्वस्तिक जैसा है, जिसके चारों सिरे घुमावदार बने होते हैं। आचार्य दिनकर ग्रन्थ में 'अतश्चतुर्थनवकोरगनंद्यावर्तः' के रूप में इसका वर्णन किया गया है और औपपातिक-सूत्र की टीका में 'प्रतिदिग्नवकोणः स्वस्तिक विशेषः रूढ़िगम्यः' के रूप में। इससे यह प्रतीत होता है कि जिसमें चारों ओर नव-कोण रहते हैं। किन्तु शुंग-कुषाण या गुप्तकाल की कला में भी उपर्युक्त परिभाषा के अनुरूप इस प्रतीक का अंकन प्राप्त नहीं होता। ऐसा ही लगता है कि यह स्वस्तिक का ही विकसित रूप रहा है।

———

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(७) जैन कला एवं स्थापत्य विषयक प्रस्तावित ग्रन्थ

भारतीय ज्ञान पीठ दिल्ली के मन्त्री श्री लक्ष्मी-चन्द जैन ने भ० महावीर के २५ वें निर्वाण महोत्सव की स्मृति में निकाले जाने वाले उपरोक्त ग्रन्थ की रूप रेखा, विषय विभाजन, तथा किन-किन विद्वानों से उसके कौन-कौन से प्रकरण लिखाए जाते हैं, इत्यादि पर विशद प्रकाश डाला।

———

(८) रायपसेणिय में जैनकला

(श्री रमेशचन्द्र शर्मा)

श्वेताम्बर सम्प्रदाय में मान्य १२ उपांगों में से एक का नाम रायपसेणिय या राजप्रश्नीय सूत्र है। इस ग्रन्थ में अनेक पुनरावृत्तियाँ और बहुधा अनावश्यक नीरस एवं उबा देने वाले विस्तार हैं, किन्तु साथ ही अपने समय के भारतीय स्थापत्य में किए जाने वाले प्रयोगों और प्रचलनों का भी अति-उत्तम वर्णन प्राप्त होता है। यह रचना कुषाण युग की प्रतीत होती है, जैसा कि डा० मोतीचन्द का भी अनुमान है।

ग्रन्थ में एक प्रसंग आता है कि जिस समय भ० महावीर आमल कप्पा नामक स्थान में तपस्या कर रहे थे तो सूर्याभ नामक देव ने उनके दर्शनों के लिए आने की इच्छा की। सर्वप्रथम उसने अपने सूर्याभ विमान से ही उन्हें देखा और अपने अनुचर देवों को भगवान के तपस्थान के आस-पास की समस्त भूमि का शोधन करने एवं उसे रमणीक बनाने का आदेश दिया। तदन्तर अपनी यात्रा के लिए एक दैवी विमान बनवाया। उस विमान के निर्माण का जो अत्यन्त विस्तृत विशद एवं सांगोपांग वर्णन इस ग्रन्थ में हुआ है उसने इसे प्राचीन भारतीय स्थापत्य-शिल्प का एक विश्वकोष ही बना दिया। यह किसी रथ, विमान या वायुयान का वर्णन नहीं हैं, वरन् एक पूरी राजधानी के निर्माण की योजना प्रस्तुत करता है, जिसके विभिन्न एवं विविध भवनों और उनके अनेक भागों और विभागों के निर्माण की विस्तृत रूप रेखा, लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई, स्तम्भ, तोरण, गवाक्ष, वेदिका, विभिन्न अलंकरण, इत्यादि, सबका विवरण इसमें प्राप्त होता है। अनेक स्तम्भों का वर्णन मथुरा से प्राप्त प्राचीन स्तम्भों की याद दिला देता है।

विमान के केन्द्रीय राजभवन का नाम सुधर्मा सभा है। उसका भी अत्यन्त सुन्दर सांगोपांग एवं विस्तृत वर्णन किया गया है सुधर्मासभा के मध्य भाग में सिद्धायतन नाम का एक विशाल मन्दिर था, जिसमें ८०० पुरुषाकार जिन-प्रतिमाएँ विराजमान थीं। घण्टे, ध्वजा, कलश, दर्पण फलों से भरी डालियाँ, इत्यादि अनेक विविध वस्तुओं का वर्णन हुआ है।

———

(९) कम्बदहल्ली की गंग कालीन जैन मूर्तियां

(—श्री एम० ए० ढाकी)

कर्णाटक देश में जैन धर्म के प्रश्रयदाता नरेशों में तलकाड के गंगराजे सर्वाग्रणी थे। लगभग छठी शती ई० से ही गंग नरेश जैन धर्म के अनुयायी हो गए थे और १० वीं शताब्दी के अन्त के लगभग गंगवाणी में अपनी राज्यसत्ता की समाप्ति तक वे उसके अनुयायी बने रहे। दक्षिण भारत में दिगम्बर जैनों के सर्व पवित्र तीर्थ श्रवणबेलगोल से प्राप्त

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सातवीं शती के आस-पास के शिला लेखों से गंगवाड़ी में जैन धर्म का अस्तित्व सिद्ध है। गंग नरेशों ने अनेक जिनमन्दिर अपनी गंगवाड़ी में ही नहीं, कुन्तल प्रदेश में भी बनवाए और दशवीं शती० के उत्तरार्द्ध में उनके मन्त्री चामुन्डराय तथा अन्य जैन राजपुरुषों, व्यापारियों और सामान्य गृहस्थों ने अनगिनत देवायतन बनवाये। ऐसे दो अन्य स्थान जहाँ गंग काल के जैन अब भी विद्यमान हैं कम्बदहल्ली और वरुणा हैं। पहले स्थान मे मन्दिर और मूर्तियां बहुत कुछ सुरक्षित रह आयी है, जबकि दूसरी की प्रायः सब विनष्ट हो गई हैं। चामुन्डराय धसदि की 'घर' और 'गृह-पिण्डी' में तथा कम्बदहल्ली की पंचकूट बसदि की दीवारों के आलों में मूर्तियाँ अवशिष्ट हैं। श्रवणबेलगोल में अलंकरण के लिए प्रयुक्त मूर्तियों में जिन-प्रतिमाएँ, यक्ष, अप्सराओं आदि की मूर्तियाँ हैं। चन्द्रगुप्त बसदि में पार्श्वनाथ की खड्गासन प्रतिमा अत्यन्त कलापूर्ति हैं। कम्बदहल्ली के प्रमुख जैन मन्दिय पंचकूटि बसदि और शांतिनाथ बसदि हैं। दोनों द्राविड़ शैली में बने हैं। पंचकूट बसदि की जिन-प्रतिमाएँ और उनके परिकर की मूर्तियाँ गंग-के श्रेष्ठ नमूने थे। यहाँ तक कि चामरवाहकों की आकृतियां भी बड़ी सुन्दर और सजीव हैं और गंग कलाकारों द्वारा निर्मित यहाँ की जिन-प्रतिमा अत्यन्त मनोज्ञ, कलापूर्ण और प्रायः अप्रतिम है। शांतिनाथ बसदि पंचकूटि बसदि की अपेक्षा परवर्ती है, किन्तु उसमें विराजमान जिन प्रतिमाएँ यह सिद्ध करती हैं कि वह विन्ध्यगिरि के सुप्रसिद्ध गोम्मटेश्वर से प्राचीन है। उसकी विशालकाय कायोत्सर्ग मुद्रा में स्थित शान्तिनाथ प्रतिमा तो अत्यन्त सुन्दर एवं प्रभावपूर्ण है। अन्य प्रतिमाएँ एवं मूर्तांकन भी कलापूर्ण हैं। चौरी वाहक, यक्ष-यक्षि, नागेन्द्र, दिक्पाल, सर्वानुनुभूति यक्ष, उड़ते हुए विद्याधर, चैत्यवृक्ष, सिंहासन, प्रभामण्डल इत्यादि, सभी उस काल के शिल्पियों के कौशल को सूचित करते हैं। (विद्वान् लेखक ने मुख्य-मुख्य कलाकृतियों का विस्तृत वर्णन और तुलनात्मक मूल्यांकन किया है, पाद टिप्पणियों में सन्दर्भों का संकेत भी कर दिया है।)

१०—मध्य-प्रदेश के जैन कला केन्द्र

(प्रो० कृष्णदत्त वाजपेयी)

जैन अनुश्रुतियों में विदिशा में जीवन्त स्वामी की प्रतिमा की पूजा करने और रथयात्रा निकालने के तथा अवन्तीनरेश प्रद्योत द्वारा उस प्रतिमा को सिंधु-सौवीर की राजधानी रोरुक से यहाँ लाये जाने के उल्लेख मिलते हैं। कलकाचार्य कथानक से ज्ञातहोता है कि उज्जैनी भी जैन केन्द्र था, किन्तु जहाँ तक प्राचीन कलावशेषों के पाए जाने का सम्बन्ध है मध्य भारत में जैन धर्म का वैसा प्रभाव रहा प्रतीत नहीं होता जैसा कि बौद्धधर्म का। यहाँ सुंगसात वाहन काल में मरहुत और सांची जैसे बौद्ध-कला के भारी केन्द्र फलेफूले। इस काल में विदिशा यक्ष-पूजा का केन्द्र बना और वहाँ बेतबा नदी से कई उल्लेखनीय यक्ष-यक्षि मूर्तियां मिली हैं। उसी काल में वहाँ नाग - पूजा भी प्रचलित थीं। कुषाण काल में विदिशा की कला पर मथुरा की कला का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा। अभी हाल में विदिशा से तीन लेखयुक्त तीर्थंकर प्रतिमाएँ मिली हैं, जिनमें से दो चन्द्रप्रभ की तथा एक पुष्पदन्त की है और वे महाराजाधिराज रामगुप्त द्वारा प्रतिष्ठित कराई गई थी। विद्वान लेखक को इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। कि यह रामगुप्त चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के अग्रज से अभिन्न हैं। उसके तांबे के सिक्के विदिशा से बड़ी संख्या में मिले हैं। शैली आदि की दृष्टि से इन प्रतिमाओं का मथुरा की गुप्त युग के प्रारम्भ की प्रतिमाओं

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

के साथ निकट सादृश्य है पद्मासन, ध्यान मुद्रा, शरीर की बनावट, सिर के बाल, प्रभामण्डल, श्रीवत्स लांछन, पद्मांकन, चौरीवाहक, सिंहासन के मध्य में चक्र जिसके दोनों ओर एक-एक सिंह हैं, इत्यादि, दोनों में समान रूप से पाये जाते हैं। तीनों प्रतिमाएँ विदिशा में ही प्राप्त बलुए पत्थर की बनी हुई हैं। और लेखों की लिपि उदयगिरि तथा सांची के गुप्तकालीन अभिलेखों जैसी है।

कुमार गुप्त प्रथम के शासनकाल की तीर्थंकर प्रतिमा विदिशा के निकट उदयगिरि की गुफा नं० २० में है। उसकी शैली भी मथुरा की कौशांबी आदि की गुप्त कालीन जिन प्रतिमाओं जैसी है। एक तीर्थंकर प्रतिमा पन्ना जिले के सलहा स्थान के निकटवर्ती सीरा पहाड़ी से, ५०० ई० के लगभग की, प्राप्त हुई है। गुप्तकाल में झांसी जिले का देवगढ़ भी एक महत्वपूर्ण कला केन्द्र हो गया था। वहाँ की पहाड़ी पर गुप्तोत्तर काल में एक बड़ा जन केन्द्र बन गया। अनेक जैन मन्दिर और बहुसंख्यक जैन मूर्तियाँ १९वीं शती तक की वहाँ विद्यमान हैं। चन्देरी, दूबही, चांदपुर तथा अन्य अनेक स्थानों में प्राप्त जैन कलाकृतियों से प्रगट है कि इस प्रदेश में जैन धर्म का प्रभूत प्रचार रहा है। देवगढ़ में चिर काल तक भट्टारक पन्थ का प्रभाव रहा। ग्वालियर दुबेला, इन्दौर संग्रहालय, विदिशा, बदोह और पथारी में प्राप्त जैन मूर्तियाँ गुप्त और गुर्जरप्रतिहार काल की हैं।

मध्यकालीन जैनकला में अत्यधिक अलंकरण तथा मूर्ति निर्माण कला के उदाहरण मिलते हैं। तत्कालीन जैन समाज की समृद्धि और शासकों से प्राप्त प्रश्रय ने मध्यप्रदेश के विभिन्न भागों में जैन कला के विकास म योग दिया। खजुराहों, अजयगढ़,मोहेन्द्रा, चन्देरी, अहार, तेहरी, दमोह, उज्जैन, गन्धरावल, ग्यारसपुर, धानपुरा, ग्वालियर तथा अन्य कई स्थानों से जैन प्रतिमा-विधान के अध्ययन के लिए प्रभूत सामग्री प्राप्त हुई है। चन्देल नरेश कला के भारी प्रश्रयदाता थे। अजयगढ, महोबा, कालिंजर आदि में अनेक जैन मन्दिर बने। कालान्तर में जैन आचार्यों ने भी वहाँ अपने पीठ स्थापित किए। मध्यप्रदेश की जैन कला में प्राय: वही सब गुण-दोष हैं जो वहाँ से सम्बन्धित अन्य धर्मों की तत्कालीन कलाकृतियों में पाये जाते हैं।

—

(११) जैन कला के विवेचन में कला-प्रवणता के पुनर्स्थापन की आवश्यकता

(श्री माइखेल नीइस्टर)

पाश्चात्य विद्वानों ने दार्शनिक एवं कलात्मक दोनों ही दृष्टियों से जैन धर्म के विवेचन के साथ न्याय नहीं किया क्योंकि उसका दर्शन उन्हें अत्यन्त निषेधात्मक और उसकी कला अत्यन्त नीरस लगी। जैन विद्वान् अब भी साम्प्रदायिकता में सीमित हैं तथापि उनका उत्कट वैदृष्य अब विदेशी विद्वानों के आदर का पात्र बनता जा रहा है और वास्तविक जीवन में जो जैनधर्म का प्राणवान एवं व्यापक महत्व है उसे समझने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। नीरस, रूखा, जड़ और कल्पनाविहीन कहकर जो जैन कला की अवहेलना की जा रही है, वह न उचित ही है, न तर्क पूर्ण, न वैज्ञानिक और न ऐतिहासिक ज्ञान की परिचायक ही है।

भिन्न-भिन्न प्रदेशों में जैन कला तत्तद स्थानीय कला-शैलियों और विधाओं पर निर्भर रही है और उसके दोष-गुणों का कोई सम्बन्ध जैन धर्म के साथ नहीं है। जैन कला के सौंदर्यबोध का आलोचनात्मक निर्णय हमें उसकी व्यापक शैली और प्रतिमाविधान

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सम्बन्धी आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर करना चाहिए, जिससे कि वह समान शैली की हिन्दू कला से भिन्न सिद्ध होती है। क्षेत्र एवं इतिहास सम्बन्धी तथ्यों में विभेद करता हुआ पुरातात्विक ज्ञान जैन कला के सौंदर्य बोध के मूल्यांकन में बहुत सहायक हो सकता है। बौद्ध कला की भांति जैन कला रोमन, यूनानी या रैनेसान्स अथवा प्रतिहार, चालुक्य व चोलर कला की भांति किसी एक शैली के विकास पर निर्भर नहीं रही वरन् एक विशिष्ट सांस्कृतिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण की विविध शैलियों में अभिव्यक्त होती रही हैं। पात्र नहीं वरन् पात्र में भरा द्रव्य जैन कला का स्वरूप प्रकट करता है।

इस प्रकार पुरातत्व और इतिहास किसी कलाकृति के जैन रूप का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है क्योंकि वह जैन रूप ऐतिहासिक या प्रादेशिक शैली विशेष के माध्यम से ही यथार्थ रूप में जाना जा सकता है। अस्तु जैन कला के जैन रूप का सौंदर्य बोधात्मक मूल्यांकन करने के लिए एक सुनिश्चित विधा का अनुसरण करना चाहिये यथा—हमें उस स्थानीय अथवा ऐतिहासिक शैली का बोध होना चाहिए जिसका कलाकृति विशेष एक उदाहरण है। दूसरे हमें उक्त मूर्ति के प्रतिमा विधान एव पूजा सम्बन्धी आवश्यकताओं का ज्ञान होना चाहिये। तीसरे इन दोनों सीमाओं के भीतर उक्त मूर्ति के शिल्प कौशल तथा सौन्दर्य गुण का मूल्यांकन करना चाहिए। कलाकृति विशेष के सौन्दर्य के प्रभाव के मूल्यांकन करने के लिए उस विशिष्ट गुण पर भी ध्यान देना चाहिये जो जैन कला की कुछ सर्वश्रेष्ठ कृतियों को एक अद्वितीय एवं प्रतिष्ठित स्थान प्रदान करती है। विभिन्न शैलियों में विभिन्न उपादानों के प्रयोग से निर्मित जैन कला कृतियों में जो एक समानतत्व दृष्टिगोचर होता है उसका कारण जैनदर्शन का अपना निरालापन ही हो सकता है। उदाहरणार्थ हलेबिड का प्रसिद्ध जिनमन्दिर का, जो होयसल कला का प्रतिनिधित्व करता है और जिस पर चालुक्य-कला का भी प्रभाव है, उल्लेख किया जा सकता है। इसी प्रकार विजयनगर के कई जिनमन्दिरों का उल्लेख किया जा सकता है। भारतवर्ष में शुद्ध भावात्मक और सादे स्थापत्य शिल्प के यह श्रेष्ठ नमूने हैं, जबकि राजस्थान के राणकपुर का १५वीं शती का जिनमन्दिर अपने अत्यन्त एवं विस्तृत अलंकरण के कारण उपरोक्त मन्दिरों से सर्वथा भिन्न शैली का है, तथापि विशेषतया जैन-कला का नमूना है।

१०वीं—११वीं शताब्दी में मध्य भारत के जैन मूर्तांकन भी अत्यधिक अलंकरण से पूरित हैं। जैनकला के विकास में चौमुखी प्रतिमाओं का भी उल्लेखनीय स्थान है जिनका एक सुन्दर मध्य-कालीन उदाहरण मध्यप्रदेश में कडवाह के निकट इन्दौर में विद्यमान है।

——

१२—कतिपय विचारणीय तथ्य

(डा० शशिकान्त जैन)

भारतीय प्रतिमा विधान में वृक्ष का विशेषस्थान है और वह जीवनी-शक्ति का, सन्तानोत्पत्ति का तथा जीवन की प्रगतिशीलता का प्रतीक है। जैनों और बौद्धों में वृक्ष का सम्बन्ध अर्हत पद की प्राप्ति से है। सभी तीर्थंकरों को केवलज्ञान किसी न किसी वृक्ष के नीचे ही हुआ, बुद्ध को भी। डा० शाह ने अकोटा से प्राप्त एक कांस्य वृक्ष का उल्लेख किया है और उन्होंने जैन परम्परा में वृक्ष का उपरोक्त महत्व ही सूचित किया है,

किन्तु मुझे कल्पवृक्ष की पूजा का एक सुनिश्चित सन्दर्भ मिला है। हाथी गुंफा शिलालेख के अनुसार सम्राट् खारवेल जब मथुरा की स्तूप पूजा के लिए गया तो वह अपने साथ कल्पवृक्ष की एक अनुकृति भी ले गया था। इससे सिद्ध होता है कि जैनों में दूसरी शती ई० पूर्व में भी कल्पवृक्ष की अनुकृतियों की पूजा का प्रचलन था। सम्भव है अकोटा से प्राप्त धातुमयी वृक्ष भी कल्पवृक्ष की ही अनुकृति हो।

१९५७ में जब मैं राजगृह गया था तो मैंने वहाँ वैभारगिरि पर एक प्राचीन मन्दिर के भग्नावशेषों में एक ऐसी तीर्थंकर-प्रतिमा देखी थी कि जिसके सिंहासन पर एक स्त्री करवट से लेटी अंकित थी। वहीं कृष्ण-पाषाण का एक ऐसा चौबीसी पट देखा जिसके सबमें ऊपरी पंक्ति में ७, उससे नीचे की पंक्ति में ८ और तीसरी पंक्ति में भी ८ जिन मूर्तियाँ थीं तथा मध्य में सिंहासनपर एक पद्मासन जिनमूर्ति थी, जिसके बाईं ओर विश्राम मुद्रा में लेटी हुई एक स्त्री मूर्ति अंकित थी। उसके पैरों की ओर एक परिचारिका पैर दबाती हुई दिखाई गई थी। उससे और नीचे एक लेटी हुई पुरुषमूर्ति थी। जिन प्रतिमा के दाईं ओर एक पुरुष उकड़ू बैठा हुआ था और उसके पास में दो बच्चों को गोद में लिए हुए एक स्त्री अंकित थी। सिरे पर एक पुरुषाकृति थी जो पूरे पट्ट को उठाए हुए दिखाई गई थी।

राजगिरि के पुराने श्वेताम्बर मन्दिर के भण्डार में एक अन्य ऐसी मूर्ति देखी जिसमें जिन-प्रतिमा के सिर के ऊपर एक लेटी हुई स्त्री अंकित थी। जिन-प्रतिमाओं में स्त्रियोंके इस प्रकार के अंकन जैन प्रतिमा विधान की दृष्टि से अद्भुत एवं विरल हैं।

कौशाम्बी (कौशाम्ब) के खण्डों में विभिन्न नापों के कई लेखांकित आसनपट्ट मिले हैं। लेखों से प्रगट है कि ये आसनपट्ट जैनगुरुओं के बैठने के लिए बनाये जाते थे। लेख वर्ष ८५ से लेकर ८८ तक के हैं। इन लेखों में जिन आर्यदेव का उल्लेख है वह लगभग उसी काल के मथुरा के शिलालेखों में उल्लिखित आर्यदेव से अभिन्न प्रतीत होते हैं, ऐसा डा० ज्योतिप्रसाद जैन का मत है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि उनके द्वारा नामांकित सरस्वती आन्दोलन का विस्तार मथुरा से कौशाम्बी तक तो था ही।

मथुरा से प्राप्त राजकीय संग्रहालय की सरस्वती प्रतिमा जिस गोदोहन मुद्रा में बैठी हुई बनाई गई है वह जैन प्रतिमा विधान में अपना अकेला उदाहरण उत्तरकालीन हनुमान मूर्तियाँ कभी-कभी इस मुद्रा में बैठी पाई गई हैं।

लखनऊ संग्रहालय में एक पद्मासन मुद्रा में ध्यानस्थ बैठी हुई, बिना सिर की, नग्न स्त्री मूर्ति सुरक्षित है। कुछ विद्वानों ने यह अनुमान प्रकट किया है कि यह किसी जैन स्त्री संत या तीर्थंकर की मूर्ति है, किन्तु वस्तुत: उस मूर्ति में तीर्थंकर या अर्हत् प्रतिमाओं का कोई भी चिन्ह लांछन, श्रीवत्स आदि नहीं हैं, उस पर कोई लेख ही अंकित है। डा० ज्योतिप्रसाद जैन का अनुमान है कि वह तपस्यारत पार्वती की, अथवा किसी योगिनी या जैनेतर स्त्री सन्त की मूर्ति हो सकती है।

—

१३—बादामी की जैन गुफा

(एस्चिवन लिप्पे)

बादामी की जैन गुफा नं० ४ बहुत कुछ वहां की ब्राह्मणीय गुफाओं नं० १ और २ से मिलती-जुलती है। शार्दूल - आकृति आधारों पर बने छज्जे, मकर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मुखों में से निकलती हुई छत की शहतीरें बराण्डे के वर्गाकार स्तम्भ और उनके कुम्भशीर्ष तथा अन्य अलंकरण प्रायः एक से हैं। बराण्डे के सिरे की दीवारें दो बड़े-बड़े प्रस्तरांकनों में अलंकृत हैं। बाईं ओर पार्श्वनाथ की प्रतिमा है जिसके एक ओर एक यज्ञोपवीत एव मुकुट धारी उपासक घुटने टेके बैठा है और दूसरी ओर छत्रदण्ड पकड़े हुए एक नागिनी खड़ी हैं। ऊपर एक नाग प्रदर्शित है। दूसरे सिरे पर बायीं ओर बाहुबली की खड्गासन प्रतिमा हैं जिसके पैरों पर लताएँ और सर्प चढ़ते हुए दिखाए हैं। इसमें भी उपासक एवम् सेवक आदि बनते-बनते अधूरे रह गए हैं। गर्भ गृह के द्वार पर दो मुकुटधारी द्वारपाल खड़े हुए हैं, जिनके एक हाथ में फूल और दूसरे हाथ में एक गुच्जक है। हमारी राय में इनके अलावा उस गुफा की और सब मूर्तियाँ उत्तरवर्ती हैं। सभा-मण्डप की सिरे की दीवालें चौड़े-कन्धों वाली उत्तुंग खड़ी हुई जिन-मूर्तियों से अलंकृत हैं, जिनके सिर पर तीन छत्र बने हैं। उनमें से एक अपने कन्धों तक लटकते हुए बालों के द्वारा आदिनाथ (ऋषभ) से चीन्ही जा सकती है। उनके दोनों ओर एक-एक तीन छत्रधारी खड्गासन लघु जिन-प्रतिमाएँ हैं और दो बैठी हुई। विशाल प्रभामण्डल में भी दोनों ओर खड़ी तथा बैठी जिन प्रतिमाओं की पंक्तियां हैं। फूल पत्ती, कीर्तिमुख आदि से ऊपर के भाग अलंकृत हैं। द्वारपालों के आजू-बाजू तथा हाल (भवन) के स्तम्भों पर भी जिनमूर्तियाँ अंकित हैं। गर्भगृह में एक विशाल पद्मासन तीर्थंकर प्रतिमा एक वृक्ष के नीचे बैठी बनाई है, जिसके दोनों ओर मुकुटधारी चौरी-वाहक हैं और ऊपर उड़ते हुए गंधर्व दिखाए गए हैं।

इस जैन गुफा की पुरानी मूर्तियां आदि ब्राह्मणीय गुफा नं० १ के समानान्तर हैं और उसे हम पुलकेसिन दि० (लगभग ६२५ ई०), का मानते हैं। एहोल का अधूरा मेगुति नामक जैन मन्दिर ६३४ ई० में बना था।

बादामी की यह गुफा भी अधूरी रह गई और इसकी तिथि हम ६३५ ई० के लगभग स्थिर कर सकते हैं। एहोल की शैव गुफा लगभग ६७०-८० ए० की है, अतः ऐहोल की जैन गुफा भी लगभग ६९०-७०० ई० की है। वसन्तगढ़ से प्राप्त आदिनाथ की कांस्य प्रतिमा ६८७ ई० की है और कलगूमल की सुन्दर पार्श्वनाथ प्रतिमा ८०० ई० के लगभग की है। पांड्य वरगुणवरमन प्रथम के समय की है। एलोरा की जिन-मूर्तियां ९वीं शती की, सम्भवतया राष्ट्रकूट अमोघवर्ष (८१४-६५ ई०) के काल की है। गंगो द्वारा निर्मित श्रवणबेलगोल के गोम्मटेश्वर की तिथि ९८३ ई० है।

अस्तु, बादामी की जैन गुफा नं० ४ की मूर्तियों का दूसरा समुदाय पहले समुदाय से काफी पीछे का है और सम्भवतया होयसल युग - बारहवीं शती ई० लगभग का है।

—

(१४) समापन भाषण

(डा० मोतीचन्द)

इस द्वि-दिवसीय रोचक संगोष्ठी में विद्वान् इस निश्चित प्रयोजन को लेकर एकत्रित हुए थे कि जैन कला के विविध तत्त्वों पर विचार-विमर्श करें और भारतीयकला के विकास में उसका स्थान आंकने का प्रयत्न करें। स्वभावतः सर्वाधिक ध्यान प्रतिमाविधान (आइकोनोग्राफी) पर दिया गया, जो वास्तव में भारतीय कला के इतिहास का एक हौआ बन गया है। बौद्ध, जैन और हिन्दू, सभी धर्मों का विवेचन प्रतिमा-

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

वैधानिक दृष्टि से किया जाता है। मैं प्रतिमाविधान के महत्व को अस्वीकार नहीं करता, वास्तव में उसके बिना काम भी नहीं चलता। भारतीय कला के इतिहास का वह एक अनिवार्य अंग बन गया है क्योंकि यदि हम विविध रूपों के भाव को नहीं समझते तो प्रतिमा विशेष में उनके महत्त्व को भी न समझ सकेंगे। दुर्भाग्य से आज प्रतिमाविधान इन अनगिनत विभिन्न एवं विविध रूपों का अध्ययन मात्र रह गया है और इन रूपों की सख्या समयके साथ-साथ बढ़ती ही जाती है। आधारभूत ग्रन्थ-पाठों से उन्हें समझने में सहायता मिलती है किन्तु जितना परवर्ती ग्रन्थ होता है उतने ही प्रतिमावैधानिक रूप परिगुणित होते जाते हैं। देखना यह है कि कला के इतिहास के सामान्य विकास और धर्म विशेष के विकास से इनका क्या सम्बन्ध है।

युग विशेष में क्यों इतने अधिक विविध रूप प्राप्त होते हैं, यह तथ्य भी महत्वपूर्ण हैं। उदाहरणार्थ, हिन्दू प्रतिमाशास्त्र की वैकुण्ठमूर्तियों को लिया जा सकता है जो केवल पार्वतीय क्षेत्रों तक ही सीमित हैं, यद्यपि कतिपय रूप राजस्थान और पश्चिमी भारत में भी वहाँ से आए। शायद ही कोई विधान युग विशेष में हुए धार्मिक विकास के संदर्भ में प्रतिमाविधान की व्याख्या करना चाहता हो, अथवा इस पर विचार करना चाहता हो कि, कहाँ तक युग विशेष की सामाजिक व्यवस्था ने उक्त रूपों को जन्म दिया। प्रतिमाविधान का प्रतिमाविज्ञान की दृष्टि से अध्ययन करना चाहिए। दूसरे शब्दों में, प्रतिमाविधानिक रूपों का अनुसंधान उनकी सामाजिक, धार्मिक एवं प्रतीकात्मक सम्पूर्ण पृष्ठभूमि में करना चाहिए। बनस्की नामक विद्वान ने प्रतिमा विज्ञान को एक सुनिश्चित आधार प्रदान किया है, और जहाँ तक मैं जानता हूँ, इस देश में शायद ही किसी विश्वविद्यालय में इस प्रकार के अध्ययन की सुविधा हो। देखना यह है कि विविध प्रतिमावैधानिक परिकल्पनाओं का, जो मध्यकाल में हिन्दू धर्म में ही नहीं वरन् बौद्ध और जैनधर्म में भी प्राप्त होती हैं, क्या आधार है, और उनकी किस प्रकार व्याख्या की जाय। इस प्रकार के अध्ययन के लिए उपयुक्त भाषा ज्ञान की भी आवश्यकता है, मात्र अनुवादों से काम नहीं चल सकता।

मैं यह चाहता था कि इस संगोष्ठी में कोई विद्वान् जैन चित्रकला के विकास पर भी प्रकाश डालता। आइकोनोग्राफी अपने सर्वोत्तम रूप में भी एक अति नीरस विषय है, किन्तु जब आपका सामना रंगों, रेखाओं, प्राकृतिक दृश्यों इत्यादि चित्रकला के उपादानों से होता है तो आपका सौंदर्य बोध कहीं अधिक सन्तुष्टि प्राप्त करता है। यदि आनन्दकृष्ण, जो इस संगोष्ठी में भाग लेने वाले थे, आ जाते तो वह वे सब स्लाइड भी साथ लाते जिनकी सहायता से यह जाना जा सकता कि १५वीं-१६वीं शताब्दी में किस तरह जैनकला ने उस कला की परम्पराओं को जीवित रक्खा जो कि अब प्राय: सर्वत्र, विशेषकर उत्तरी एवं पश्चिमी भारत में, मृत प्राय: हो चुकी थी। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि चित्रकला की जो परम्परा ८वीं-९वीं शताब्दी में समाप्त हो चुकी थी वह जैन कला के माध्यम से ही जीवित रही। पश्चिमी भारत, राजस्थान और सम्भवतया उत्तर प्रदेश में भी यह कला परम्परा बड़े वेग के साथ प्रवाहित रही। पश्चिमी भारत में तो जैनों और उनके शास्त्रभण्डारों ने उसे जीवित रक्खा। सचित्र हस्तलिखित ग्रन्थ-प्रतियाँ भण्डारों में पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित रखी गई और केवल विशेष अवसरों पर यथा ज्ञानपंचमी एवं अन्य पर्वों में पूजार्थ बाहर निकाली जाती थीं। उन सचित्र जैन प्रतियों का मुगल शैली के चित्रों के साथ तुलनात्मक एवं सम्यक् अध्ययन किया जाय, विशेष कर उनके रेखात्मक स्वरूप का। कुछ विद्वान् इन रेखात्मक स्वरूप वाले चित्रों को परवर्ती काल का

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

मानते हैं, किन्तु ऐसी बात नहीं है, अजन्ता के चित्रों में भी वह प्राप्त होता है।

पश्चिमी भारतीय कला में ईरानी तत्वों का भी समावेश हुआ, जो बहुत महत्वपूर्ण है। जैनों ने ही सर्वप्रथम कालकाचार्य कथा के चित्रों में ईरानी आकृतियों को प्रविष्ट किया। कल्पसूत्र आदि के चित्रों में ऐसी विदेशी आकृतियों का समावेश नहीं है।

एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि १५वीं शताब्दी के मध्य के लगभग जैनों की आर्थिक समृद्धि के कारण ये सचित्र कृतियाँ बहुत विस्तार प्राप्त, शानदार तथा महार्घ होती गईं। इससे कला के तत्कालीन इतिहास का ही नहीं वरन् विदेशी संस्कृति से प्रभावित तत्कालीन समाज का भी बोध होता है। इन सचित्र प्रतियों के निर्माण में अनेक मूल्यवान पदार्थों का प्रयोग होता था और उन पर बड़ा धन व्यय किया जाता था। इस प्रकार इस कला के क्षेत्र में जनों का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। १३वीं से लेकर १६वीं शती पर्यन्त की भारतीय चित्रकला का अध्ययन बिना जैन चित्रों के किया ही नहीं जा सकता। अब तक जो सचित्र प्रतियाँ प्रकाश में आई हैं उनमें से अधिकतर श्वेताम्बर भण्डारों से ही प्राप्त हुई हैं। इस विषय में दिगम्बरों की अपेक्षा श्वेताम्बर अधिक उदार सिद्ध हुए हैं।

जौनपुर से प्राप्त १५वीं शती का सुप्रसिद्ध सचित्र कल्पसूत्र इस दृष्टि से भी अधिक महत्वपूर्ण है कि वह न केवल १५वीं शती का एकमात्र उदाहरण है बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि उत्तर प्रदेश में भी उस युग में जैन चित्रकला प्रगतिशील थी और कम से कम जौनपुर में एक ऐसा जैन भण्डार भी था जिसके तत्वावधान में वे चित्र बनाए गए। १४६५ ई० का यह सचित्र कल्पसूत्र भारतीय कला की दृष्टि से भी बहुत महत्व पूर्ण है और यह भी सिद्ध करता है कि राजस्थानी शैली भी उस काल में विकसित होने लगी थी।

मेरी एक छात्रा श्रीमती सरयू दोषी जो स्वयं दिगम्बर जैन है मेरे निर्देशन में दिगम्बर जैन सचित्र ग्रन्थ प्रतियों पर पी-एच० डी० के लिए शोध कार्य कर रही है। इसके पूर्व मुझे महापुराण की १५३० ई० की एक प्रति का तथा दिल्ली से प्राप्त एक अन्य प्रति का ही ज्ञान था। किन्तु श्रीमती दोषी ने इतनी सारी दिगम्बर सचित्र ग्रन्थ प्रतियाँ खोज निकाली हैं कि मैं आश्चर्य में रह गया। कला की दृष्टि से भी उनके चित्र उच्चकोटि के हैं। जैन भण्डारों के साथ एक बड़ी कठिनाई यह है कि वे अपनी ग्रन्थ सूचियों में ग्रन्थ के नामादि का उल्लेख तो कर देते हैं परन्तु यह नहीं उल्लेख करते कि वह ग्रन्थ सचित्र है या नहीं। अतएव श्रीमती दोषी ने मेरी प्रेरणा पर एक अनेक भण्डारों का निरीक्षण किया और जो सामग्री उसने संग्रह की हैं उसके आधार पर निश्चय ही चित्र कला के इतिहास में एक नवीन अध्याय जुड़ जायगा और इस कला के क्षेत्र में दिगम्बर जैनों का जो प्रभूत योगदान रहा है वह भी प्रगट हो जायगा। यह ग्रन्थ प्रतियाँ १४०४ ई० से लेकर १७वीं शती पर्यन्त की हैं। इनमें महापुराण, जसहर चरिउ आदि अनेक ग्रन्थ हैं। इस खोज से इस मान्यता का भी पूर्णतया खण्डन हो जाता है कि जैनों का मात्र केवल एक सम्प्रदाय ही चित्रकला के क्षेत्र में क्रियाशील था। केवल महापुराण की ५-६ पर्याप्त पुरानी सचित्र प्रतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। इस सामग्री के प्रकाशित हो जाने पर यह स्पष्ट हो जायगा कि भारतवर्ष में जैनों के विभिन्न सम्प्रदाय चित्र-कला के प्रचार में कितना अधिक योगदान कर रहे थे। मुस्लिम सुल्तानों के शासन काल में जबकि प्राय: समस्त भारतीय कला मृत प्रायः हो रही थी, सम्भवतया जैन लोग ही ऐसे सौभाग्यशाली थे कि वे कला को जीवित रखने और समृद्ध बनाने में समर्थ रहे।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

किसी सम्प्रदाय से सम्बन्धित कला के अध्ययन करने के लिए उसकी संस्कृति और साहित्य का सम्यक् अध्ययन अत्यन्त आवश्यक है। हम लोग जो बूढ़े हो चुके हैं अपने समय में अत्यन्त परिश्रम पूर्वक अध्ययन और खोजबीन करते थे। स्व० डा० वासुदेवशरण अग्रवाल का मेरे साथ बड़ा सहयोग रहा। जैन कला एवं पुरातत्व की ओर मेरा आकर्षण एक संयोग था—अपने एक एक छात्र के कारण पूरे दो वर्ष तक मुझे बड़े परिश्रम पूर्वक जैन धार्मिक साहित्य का अध्ययन करना पड़ा और इसके फलस्वरूप ही मेरी इन विषयों में साधिकार गति हुई। एक यह भी कठिनाई है कि प्राचीन अप्रकाशित ग्रन्थों को भी प्रकाशित करना बड़ा व्यय साध्य होता है। अतः विद्वान् और विद्यार्थी उनके उपयोग से वंचित रहते हैं। इधर कुछ वर्षों से अवश्य ही जैनों में यह प्रकाशन प्रवृत्ति बढ़ी है। भगवान् महावीर के २५००वां निर्वाण-महोत्सव मनाया जाने वाला है। हमें यह ध्यान रखना है कि २५०० वर्ष की शिक्षा केवल बाहरी धूम-धाम आडम्बर और दिखावे में समाप्त न हो जाय, वरन् कुछ ऐसा ठोस कार्य किया जा सके, जिससे कि जैन विद्या (जैनोलॉजी) के क्षेत्र में इतनी सामग्री उपलब्ध करा दी जाय कि जिससे आने वाली संततियाँ भी लाभ उठा सकें।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शोधकरण

—डा० ज्योतिप्रसाद जैन

१—जैन गुफाएं तथा गुफामन्दिर—

भगवान महावीर की परम्परा के प्रारम्भिक जैन साधु कई शताब्दियों पर्यन्त वनवासी होते थे, वस्तियों में केवल आहार ग्रहण करने के लिए जाते थे, और किसी एक स्थान में अधिक समय तक नहीं ठहरते थे। वे निष्परिग्रही निर्ग्रन्थ तपोधन श्रमण अपने अस्थायी निवास के लिए भी बहुधा पहाड़ियों में बनी प्राकृतिक गुफाओं का उपयोग करते थे। इस प्रकार की अधुनाज्ञात प्राचीनतम गुफाएं मध्यप्रदेश के रायगढ़ जिले के सिंहनपुर, बिहार प्रान्त के बारबर एवं राजगिरि गुजरात के गिरिनगर (गिरनार), महाराष्ट्र के मोहिदा, आन्ध्र-प्रदेश के रामकोंड तथा तमिलनाडु में पुडुकोट्टा के सित्तनवासल नामक स्थानों में विद्यमान हैं। सित्तनवासल की कतिपय गुफाओं में पालिशदार पाषाण शैय्याएँ पाई गई जो सम्भवतया सल्लेखनाव्रत धारण करने वाले जैन मुनियों के उपयोग में आती थीं। वहाँ प्राप्त दूसरी-तीसरी शती ईसापूर्व के ब्राह्मी अभिलेखों से यह स्पष्ट है कि वहाँ कोई बड़ा जैन अधिष्ठान था जहाँ उपासक लोग साधना के लिए जाते थे। लगभग ६०० ई० में पल्लव नरेश महेन्द्रवर्मन प्रथम, जो प्रारम्भ में जैन था, के शासनकाल में सित्तनवासल की पहाड़ी के पश्चिमी ढाल पर सुन्दर कृत्रिम गुफा-मन्दिर उत्खनित किये गये।

तीसरी-चौथी शती ई० से जैन मुनियों में चैत्यवास की प्रथा का प्रचलन बढ़ने लगा, जिसके परिणाम स्वरूप इस प्रकार की कृत्रिम लेणों या गुहामंदिर अधिकाधिक बनने लगे। जैसा कि इस प्रसंग में विन्सेन्ट स्मिथ का कथन है, 'प्रयोजन विशेष के लिए निर्मापित स्थापत्य का स्वरूप समय के साथ बदलती हुई व्यवहारिक आवश्यकताओं से प्रभावित होता ही है।' तथापि क्योंकि ब्राह्मणों एवम् बौद्धों के विपरीत जैन साधु चैत्यवास को भी अच्छा नहीं समझते थे, अजन्ता और एलोरा के युग में भी जैनों ने अपेक्षाकृत बहुत थोड़े गुहा मन्दिर बनाये। वर्गेस के अनुसार, 'जबकि बौद्धों ने ७२० और ब्राह्मणों ने १६० गुहामन्दिर बनाये, जैनों के केवल ३५ ही ज्ञात है, जो सब दिगम्बर आम्नाय के हैं और पांचवीं से बारहवीं शती ई० के मध्य बने हैं।'

वस्तुत:, कुछ जैन गुहामन्दिर, यथा उड़ीसा की खण्डगिरि-उदयगिरि, मध्यप्रदेश में विदिशा के निकट उदयगिरि, बिहार में राजगिरि की पहाड़ियों में सोन भण्डार आदि तथा मैसूर राज्य के श्रवणबेलगोल की चन्द्रगिरि के जैनगुहा मन्दिर पांचवीं-छठी शती ई० से पर्याप्त पूर्व निर्मित हो चुके थे। तदनन्तर सित्तनवासल, बादामी, एहोल, एलोरा, पटनी, नासिक, धाराशिव, अंकइ, जूनागढ़ तथा कुलुमुलु के जैन गुहामन्दिर बने। सोलापुर से लगभग ६० कि० मी० दूर स्थित धाराशिवकी लयण इन सबमें सर्वाधिक विशाल प्रतीत होती है, जबकि कुलुमुलु का गुहामन्दिर, जो अब शैवों के अधिकार में है, इस प्रकार की लयणों में एक श्रेष्ठ रत्न के रूप में वर्णित की गई है। नासिक की गुफाओं में अनेक कोठरियाँ एवम् कक्ष हैं—यहाँ राष्ट्रकूटों के शासनकाल में सुप्रसिद्ध आगमिक टीका-

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कार स्वामी वीरसेन और जिनसेन की अध्यक्षता में एक विशाल एवं महत्त्वपूर्ण जैन ज्ञानकेन्द्र फलाफूला था। खानदेशस्थ अंकइ का गुहामन्दिर अपेक्षाकृतबहुत छोटा है किन्तु पुष्प पल्लवों पर नृत्यरत अप्सराओं के अतिसुन्दर कलापूर्ण अंकनों के कारण उल्लेखनीय है। एलोरा के जैन गुहा मन्दिरों—इन्द्रसभा एवं जगन्नाथ-सभा के अप्रतिम कलासौन्दर्य एवं कुशल संभोजना के लिये बर्गेस, ब्राउन आदि अनेक कलामर्मज्ञों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

जैन लेणों तथा गुहामन्दिरों पर कई विद्वानों ने यत्किंचित प्रकाश डाला है, किन्तु उनका अभी भी सर्वांग, व्यवस्थित एवं प्राविधिक अध्ययन तथा कलात्मक अध्ययन अभी भी अपेक्षित है।

नोट—लेख के सन्दर्भों के लिए देखें हमारी पुस्तक जैना सोर्सेज आफ दी हिस्टरी आफ एन्शेन्ट इण्डिया का परिच्छेद १२, बा० छोटेलाल जैन स्मृति-ग्रन्थ, पृ० ३५-४२ पर प्रकाशित हमारा लेख, तथा स्मिथ, बर्गेस, ब्राउन आदि विद्वानों के ग्रन्थ।

२—जैन भित्ति-चित्र—

अन्य कलाओं की भाँति चित्रकला के क्षेत्र में भी जैनों का पर्याप्त महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। अपने धर्मक्षेत्रों की हस्तलिखित प्रतियों में अनेक बार सुलेखन (कैलिग्राफ) के कमाल दिखाने के अतिरिक्त उक्त प्रतियों के आवरण पृष्ठ, ऊपर-नीचे रक्खे काष्ठादि के पट्टों, लिखित पृष्ठों के हाशियों आदि की रंगबिरंगी फूल-पत्तियों तथा विविध डिजाइन की सजावट से अलंकृत किये जाने के अनेक नमूने उपलब्ध हैं। कल्पसूत्र, कालकाचार्य कथानक तथा कई पौराणिक चरित्रों एवं आख्यानों की सुन्दर सचित्र प्रतियाँ अहमदाबाद, ईडर, नागौर आदि के शास्त्र-भण्डारों में प्राप्त हुई हैं। इन सचित्र प्रतियों के लघु चित्रों के अलावा कुछ स्वतन्त्र लघुचित्र (मिनियेचर) भी प्राप्त हुए हैं। जैन लघुचित्र कला का विकास मध्यकाल में हुआ। श्री साराभाई नवाब एवं डा० मोतीचन्द्र प्रभृति कलामर्मज्ञ विद्वानों ने उक्त जैन-चित्रों का अध्ययन करके उनका मूल्यांकन भी किया है।

लघु चित्रों के बहुत पहले से जैनों में अपने जिनायतनों की भीतरी दीवालों को भित्तिचित्रों से अलंकृत करना प्रारम्भ कर दिया था। ईस्वी सन् के प्रथम सहस्राब्द में निर्मित कई जैन गुहामन्दिरों में कलापूर्ण भित्तिचित्रों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। दूसरे सहस्राब्द में गुहामन्दिरों का स्थान प्रायः पूर्णतः मन्दिर स्थापत्य ने ले लिया जिनमें बहुधा प्रस्तर शिल्प में ही कलापूर्ण विविध मूर्त्तांकन एवम् अलंकरण प्रयुक्त हुए, जिनमें से अनेक, यथा खजुराहो, देवगढ़, आबू (देलवाड़ा), राणकपुर, चित्तौड़, कर्णाटक आदि के) जिन मन्दिर अपने कला सौष्ठव की दृष्टि से सर्वोच्च कोटि के हैं। किन्तु मध्यकाल में भी अनेक मन्दिरों को भित्तिचित्रों से सज्जित करने का प्रचलन रहा और अब से सौ-पचासवर्ष पूर्व निर्मित अनेक मन्दिरों में भी हमने ऐसे भित्ति चित्र देखे हैं। उक्त प्राचीन मध्यकालीन जैनभित्ति चित्रों का अभी तक कोई सन्तोषजनक व्यवस्थित अध्ययन नहीं हो पाया, अतएव उनका समुचित मूल्यांकन भी नहीं हुआ, जो अपेक्षित है।

कुछ विद्वान, यथा डा० एस० परमशिवन्, ने दक्षिण भारत में उपलब्ध प्रमुख जैन भित्तिचित्रों को स्थूल रूप से चार वर्गों या समुदायों में विभाजित किया है।

१—सित्तनवासल के गुहामन्दिर के सातवीं शती ई० के क्लासिकल भित्तिचित्र।

 CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(ii) उत्तरी अर्काट जिले में तिरुमलइ के जिनमन्दिर के भित्ति चित्र जिन्हें कुछ विद्वान् ११वीं शती का अनुमान करते हैं —वहाँ प्राप्त शिलाजेखों के आधार पर। वहाँ ऐसे प्राचीनतर चित्रों के भी आभास पाये गये जिन्हें वर्तमान चित्रों ने ढक लिया है—अर्थात् वे उन पुराने चित्रों के ऊपर ही बनाये गये। कुछ ऐसे भी विद्वान् हैं जो इन चित्रों को १५वीं-१६वीं शती में वना अनुमान करते हैं। (iii) एलोरा की जैन गुफाओं के भित्ति चित्र जो ११वीं शती में अनुमान किये जाते हैं। (iv) तिरुपरुट्टिकुनरम् के जिनमन्दिर के भित्ति चित्र जिनकी निर्माणकाल १८वीं-१९वी शती अनुमान किया जाता है।

इनके अतिरिक्त, श्रवणबेलगोल के भट्टारकीय पीठ (मठ) की दीवारों पर भी अनेक भित्ति चित्र बने हैं। उत्तर एवं पश्चिम भारत के जैन भित्ति चित्रों पर अभी तक किसी विद्वान् ने ध्यान दिया नहीं लगता। उपरोक्त भित्ति चित्रों में सित्तन वासल के भित्ति चित्र भारतवर्ष में क्लासिकल शैली के भित्ति चित्रों की सर्वोच्च कोटि में परिगणित हैं।

नोट—संदर्भ के लिए देखें हमारी पुस्तक जैना-सोर्सेज़ परि० १२, बा० छोटेलाल स्मृतिग्रन्थ में डा० परमशिवन् का लेख (पृ० ११५), तथा कुमारस्वामी, डुबरियुल, स्मिथ आदि विद्वानों के ग्रन्थ।

३—बलगेरिया से प्राप्त एक तीर्थङ्कर कांस्य-प्रतिमा

बहुधा यह समझा जाता है कि जैनधर्म भारतवर्ष की सीमाओं से बाहर नहीं गया, इसी देश में सीमित रहा। इसमें तो सन्देह नहीं हैं कि प्राचीन काल में भारतीय धर्मों में बौद्धधर्म ही ऐसा सम्प्रदाय था जिसने एक अति सुनियोजित एवं व्यवस्थित ढंग से शताब्दियों पर्यन्त विदेशों में धर्मप्रचार किया, जिसके परिणाम-स्वरूप एक समय भारत को छोड़कर एशिया महाद्वीप का बहुभाग बौद्ध धर्मावलम्बी हो गया। ब्राह्मण धर्म का प्रकाश भी पूर्वीय द्वीप समूह तथा कतिपय मध्य एशियाई देशों तक कुछ अंशों में पहुँचा। ब्राह्मण धर्म (हिन्दू धर्म) के नेताओं में भी इतिहासकाल में धर्म प्रचार की विशेष प्रवृत्ति नहीं रही। जैनों में तो यह प्रवृत्ति सबसे कम रही, और उसके कई कारण रहे — जैन साधु सर्वथा अपरिग्रही, निस्पृह तपस्वी होते, उनकी दीक्षा एवं साधना के नियम बड़े कठोर थे और आत्म साधन ही प्रधान लक्ष्य था। गृहस्थों में तो उस काल में धर्मप्रचार करने वाले मिशनरी शायद किसी परम्परा में नहीं थे। किन्तु कुछ साहसिक वीर पुरुष भाग्य की परीक्षा करने लिए विदेशों में चले जाते थे और कभी-कभी वहाँ अपना राज्य स्थापित करने में भी सफल हो जाते थे। उनके साथ उनके धर्म और संस्कृति का भी उक्त देशों मे प्रवेश हो जाता था। इसके अतिरिक्त अनेक भारतीय व्यापारी व्यापार के लिए जल एवं थल मार्ग से विभिन्न देशों को जाते-आते रहते थे, और उनके माध्यम से भी उनके धर्म एवं संस्कृति का वहाँ प्रवेश होता था।

ईस्वी सन् के प्रारम्भ के आस-पास कतिपय जैन साधुओं के सुदूर, यूनान, रोम, मध्यएशिया आदि में जाने के उल्लेख मिलते हैं। सुदूरपूर्व के हिन्दचीन के कम्बुज, चम्पा आदि में भी जैस संस्कृति के प्रवेश के संकेत मिलते हैं। लंका, तिब्बत, नेपाल, बर्मा, मलाया, अफगानिस्तान आदि सीमावर्ती भारत के निकटस्थ देशों में जैनधर्म के कथंचित प्रसार के प्रमाण मिलते हैं। सुदूर साइप्रेस द्वीप में रेशेफ़ (ऋषभ) की एक प्राचीन प्रतिमा पूजी जाती रही है, ऐसा कहा जाता है। विदेशों में व्यापारार्थ जाने वाले व्यापारियों में जैन व्यापारियों की भी पर्याप्त संख्या होती थी अतएव उनके माध्यम से जैनधर्म का सम्पर्क अनेक भूभागों से हुआ होगा, जिसके चिन्ह अन्वेषण करने से प्राप्त होने की पूरी सम्भावना है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अभी हाल में एक यूरोपीय पत्रिका में प्रकाशित एक जर्मन पुरातत्वज्ञ विद्वान के लेख से पता चलता है कि पूर्वी यूरोप के बलगारिया देश के उत्तर-पूर्वी भाग में रजग्राड नामक नगर से लगभग बीस मील की दूरी पर स्थित केवल नामक स्थान से सन् १९२८ में एक जैन कांस्य प्रतिमा प्राप्त हुई थी। यह प्रतिमा रजग्राड के पुरातत्त्व संग्रहालय में संग्रहीत कर दी गई थी—यह स्पष्ट नहीं है कि अब भी वह विद्यमान है या नहीं। उसके जो रेखांकन, चित्र, विवरण आदि वहाँ उपलब्ध थे उन्हीं के आधार पर उक्त परिचय दिया गया। प्रतिमा अनुमानतः ८वीं से से १२वीं शती ई० के मध्य किसी समय निर्मित हुई अनुमान की जाती है।

यह प्रतिमा किसी पुराने खण्डहर में से जमीन में लगभग अढ़ाई फुट गहराई पर दबी हुई मिली थी। खोद निकालने वाले अधिकारी अनाड़ी थे जिसके कारण प्रतिमा की आकृति काफी क्षतविक्षत होगई। प्रतिमा लगभग छः इन्च (१३½ से० मी०) ऊँची है और तीन कटनियों वाले सिंहासन पर विराजमान है। सबसे नीचे की कटनी तीन त्रिकाणाकार पाओं पर आधारित है। दूसरी कटनी में मूलतः चार छोटी-२ पुरुषाकृतियाँ थीं। जिनमें से एक ग़ायब हो गई—ये आकृतियाँ उपासकों की रही प्रतीत होती हैं। उससे ऊपर की कटनी अति अलंकृत हैं। मध्य में एक छोटी सी यजारूढ़ स्त्री आकृति है—सम्भव है, शासन-देवता यक्षि हो। उसके दोनों ओर एक-एक सर्प जैसा बना है, तदनन्तर दोनों ओर एक-एक सिंह बना है, फिर एक-एक सुन्दर स्तम्भ तथा दोनों सिरे पांच-पांच बिन्दुओं में अंकित आड़े अर्धगोलावृत्त बने हैं। इस कटनी के ऊपर अलंकृत पादपीठ है जिसके मध्य में लांछन के लिए बना चतुष्कोण है, किंतु सब इतना घिसा हुआ है कि कुछ स्पष्ट नही होता। उसके ऊपर मूलप्रतिमा ध्यानमुद्रा में पद्मासनस्थ है, वक्षस्थल पर श्रीवत्सलांछन युक्त है और कानों के ऊपर से आती हुई घुंघराली लटें दोनों कन्धों पर पड़ी हैं—जिससे हमें तो ऐसा प्रतीत होता है कि यह आदि तीर्थंकर ऋषभदेव की प्रतिमा है। विद्वान लेखक का अनुमान है कि दूसरी कटनी के नीचे की झालर त्रिकोण डिजाइन यह सूचित करते है कि प्रतिमा निर्माण स्थल कश्मीर रहा होगा तथा क्योंकि उसकी अन्य विशेषताओं का साम्य मथुरा से प्राप्त ९८१ तथा १०७७ ई० की प्रतिमाओं से बहुत कुछ है, वह प्रायः ८वीं से १२ वीं शतीके मध्य किसी समय निर्मित हुई होनी चाहिये। सुदूर बलगारिया में वह कब और कैसे पहुँची, इस विषय में कुछ नहीं कहा जा सकता। विद्वान लेखक का यह भी कहना है कि क्योंकि पूर्वयुगों में जैन व्यापारी दूर-दूर देशों की यात्रा करते थे, उन्हीं के माध्यम से यह प्रतिमा वहाँ पहुंची लगती है। यह बहुत कुछ युक्तियुक्त प्रतीत होता है। क्या आश्चर्य है कि पूर्व मध्यकाल में उस स्थान में भारतीय जैन-व्यापारियों की कोई छोटी अस्थायी बस्ती रही हो और उन्होंने वहाँ एक छोटा सा जिनमन्दिर स्थापित किया हो।

नोट—सन्दर्भ के लिए देखें ईष्ट-वैस्ट, XX, I 3-4 पृ० २१५-२१६ पर गस्टाव ग्लेसर द्वारा अनूदित वी० ब्रेन्टजेस का जर्मन लेख।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शोधसार

(२७१) 'ईस्ट एण्ड वेस्ट', भाग १९ न० ३-४ (सित०-दि० १९६९) के पृ० ५२६ पर श्री हरिसत्य भट्टाचार्य रचित पुस्तक 'रिअल्स इन दी जैना मेटाफिजिक्स' की समीक्षा प्रकाशित हुई है। विद्वान इलालवी समीक्षक के अनुसार पाश्चात्यदर्शन में जिसे 'इतिहास-भाव' कहते हैं वह जैन कर्म सिद्धान्त का ही एक उदाहरण कहा जा सकता हैं, अत: आज आवश्यकता है कि सम्पूर्ण मानवी संस्कृति के क्षेत्र में व्यापक युक्ति-युक्तवाद के पूरे बल से इस सिद्धान्त का समर्थन अनुमोदन किया जाय ।'

(२७२) इसी पत्रिका के भा०, न० १-२ (मार्च-जून १९७०) के पृ० १२२-१४३ पर श्री मरेरा का लेख प्रकाशित हुआ है, जिसमें श्री लंका में स्थित अनुराधापुर के ईसरुमुनिय नामक मन्दिर की विचित्र मूर्त्ति को चीन्हने का प्रयत्न किया गया है। प्रसंगवश यह बताया गया है कि लंका में अनुराधापुर के निकटस्थ अभय-गिरिय नामक बौद्ध विहार जिस स्थान पर बना है वहां उसके पूर्व एक निगण्ठ (जैन) अधिष्ठान विद्यमान था—अब वहां जैनधर्म के कोई चिन्ह नहीं हैं ।

(२७३) इसी पत्रिका के भा० २०, न० ३ (सित० १९७०) के पृ० ३६३-३७४ पर श्रीमार्टन-स्मिथ का एक उत्तम लेख 'यूरोपीय एवं भारतीय परम्परागत संस्कृतियों में साहित्य का स्थान' विषय पर प्रकाशित हुआ है, जो जैन संस्कृति पर भी लागू होता है—कहीं-कहीं जैन का उल्लेख भी है ।

(२७४) इसी पत्रिका के पृ० ४०१-४०३ पर ओस्कर बोट्टो द्वारा सम्पादित प्राच्यसाहित्य के वृहद इतिहास की समीक्षा प्रकाशित हुई है, जिससे प्रगट है कि मूलग्रन्थ जैन-धर्म, जैन-साहित्य और जैन इतिहास की कतिपय घटनाओं का उल्लेख हुआ है, उदाहरणार्थ दिग०—श्वे० संघ भेद की तिथि ईसापूर्व ७९ दी है जबकि वह ७९ ई० होना चाहिये । समीक्षक ने बताया है कि यह गलती अन्य भी कई यूरोपीय विद्वान् ने की है ।

(२७५) इसी पत्रिका के भा० २०, न० ४ (दिस० १९७०) के पृ०४८८ पर हेलेन एम०जान्सन द्वारा हेमचन्द्राचार्य कृत त्रिषष्टिशलाका पुरुषचरित् के भाग ५ की समीक्षा प्रकाशित हुई है ।

(२७६) इसी पत्रिका के पृ० ४८९ पर आगम प्रभाकर मुनि पुण्यविजय एवं भोगीलाल जे० सन्डेसरा द्वारा सम्पादित सोमेश्वर कविकृत रामशतकम् काव्य की समीक्षा है ।

(२७७) इसी पत्रिका के पृ० ४८९ पर के आश्रित कवि हरिहर द्वारा रचित ऐतिहासिक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

नाटक 'शंख-पराभव-व्यायोग' के श्री-भोगीलाल सन्डेसरा द्वारा सम्पादित संस्करण की, जो गायकवाड़ ओ० सीरीज में प्रकाशित हुआ है, समीक्षा प्रकाशित हुई है।

(२७८) इसी पत्रिका के भाग २१, न० ३-४ (सित०-दिस० १९७१) के पृ० २१३-२१६ पर प्रकाशित गस्टाव ग्लेयस्सर द्वारा अनूदित श्री ब्रेन्ट्जेज के एक लेख में बल्गारिया स्थित तीन स्थानों के प्राचीन मन्दिरों का विवरण देते हुए केमल नामक स्थान से प्राप्त लगभग आठसौ वर्ष पुरानी एक जैन कांस्य प्रतिमा का सचित्र परिचय दिया है।

(२७९) इसी पत्रिका के पृ० ३३१-३३६ पर श्री एम०के० धवलीकर का लेख अफगानिस्तान से प्राप्त दो गणेश मूर्त्तियों पर प्रकाशित हुआ है, जिसमें प्रसंगवश विद्वान् लेखक ने कथन किया है कि जैनधर्म ने भी हिन्दू-धर्म से उधार लेकर गणेश को अपनाया और जैनोंमें गणेश पूजा का प्रचलन हुआ।

(२८०) इसी पत्रिका के पृ० ३६३-३७५ पर पॉल जी० ब्रूस्टर का एक प्रसिद्ध लोककथा 'साइलेन्स वेजर' के सम्बन्ध में लेख प्रकाशित हुआ है। यह लोककथा दूर-दूर तक विभिन्न देशों में प्रचलित है। लेखक का कहना है कि इस कथा का ढांचा सर्वप्रथम १००० ई० के लगभग रचित जैनाचार्य अमितगति की धर्मपरीक्षा चार सहयात्री मूर्खों की कहानी में प्राप्त होता है।

— —

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शोक संवेदन

शोधांक—३० के प्रकाशन के उपरान्त गत वर्षांश में ऐसे कई सज्जनों का निधन हो गया जो विद्वान् थे, विद्वत्प्रेमी या विद्याप्रेमी थे, अथवा उत्साही समाज सेवी थे, और जिनके साथ हमारा प्रायः घनिष्ट परिचय रहा।

शिमला निवासी डिप्टी—पोस्ट मास्टर अयोध्या प्रसादजी २५ फरवरी ७२ को ७५ वर्ष की आयु में कालकवलित हुए। वे जैन सभा शिमला के वर्षों से प्रधान स्तम्भ थे, उत्साही समाजसेवी थे और १९३७ में जब हमें कई महिने शिमले में रहने का सुयोग मिला था, तभी से हमारे घनिष्ट मित्रों में रहे।

व्याख्यान वाचस्पति पं० मक्खनलालजी'प्रचारक' को हम बचपन से ही जानते—देखते आये, बड़ा प्रेम रखते थे। जिस संस्था से सम्बद्ध थे उसका प्रचार करने के साथ-साथ जैनधर्म का प्रचार तथा समाज का सुधार जिस रोचक एवं प्रभावक ढंग से वह करते थे वह अप्रतिम था। अनेक लोकप्रिय भजनों एवं कई छोटी-मोटी रचनाओं के रचयिता भी थे। १७ जून ७२ को ६४ वर्ष की परिपक्व अवस्था में दिल्ली में उनका देहासान हुआ।

बाराबंकी जैन समाज के प्रमुख सेठ भँवरीलाल छावड़ा के युवक पुत्र महावीरप्रसाद का मात्र २८ वर्ष की अल्पवय में १८ जून ७२ को दुःख निधन हुआ। महावीर प्रसादजी एक उत्साही समाजसेवी नवयुवक थे। गत महावीर जयन्ती के अवसर पर जब वह और उनके साथी हमें व्याख्यान देने के लिए बाराबंकी ले गये तभी उनके शीलस्वभाव, प्रेमभाव एवं सामाजिक कार्यों में उत्साह का प्रथम परिचय मिला था।

दिल्ली के ला० दीपचन्द्रजी बी. ए., मुन्शी फाज़िल अदीब फ़ाज़िल, 'जैन संसार', 'वर्द्धमान' जैसे उर्दू भाषा के जैन पत्रों के सफल सम्पादक थे। स्व० भोलानाथ दरख़्शाँ एवं ज्योतिप्रसाद 'प्रेमी की परम्परा में उर्दू के जैन पत्रकारों का इधर कई दशकों से वही प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उनके मित्र बा० माईदयालजी ने 'मिशनरी पत्रकार' के रूप में उनका उल्लेख उचित ही किया है। ७० वर्ष की आयु में २० जून ७२ को उनका देहान्त हो गया।

अशोकनगर निवासी चम्पालाल सिंघई 'पुरन्दर' के साथ हमारा विशेष सम्पर्क गत चार-पांच वर्षों से रहा। पी-एच. डी. के लिए अपने शोधकार्य में परामर्श, निर्देशन आदि प्राप्त करने के रूप में प्रारम्भ हुआ उनका यह सम्बन्ध पत्राचार द्वारा पर्याप्त बढ़ गया। शोधांक में भी उनके कई लेख प्रकाशित हुए और गत दो-डेढ़ वर्षों में तो उन्होंने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में अपने लेखों की बाढ़ ही लगा दी तथा दर्जनों दिवंगत तथा जीवित उल्लेखनीय व्यक्तियों के जीवन एवं व्यक्तित्व परिचय प्रकाशित कर दिये। हमारा परिचय देने की भी उन्होंने इच्छा व्यक्त की थी तथा तदर्थ कतिपय तथ्य मांगे थे, किन्तु हमने लिख दिया था कि अभी हम इस योग्य नहीं हैं, हमारा परिचय आदि प्रकाशित करने का कष्ट न करें। प्रारम्भ में उनके कुछ पत्रों से हमें लगा कि वह अधीर, उतावले से नवयुवक हैं—एक बार हमने पते में उनके लिए पण्डित विशेषण लिख दिया तो उन्होंने शिकायत की कि लोग उनका मज़ाक उड़ाते हैं, उन्हें हम पण्डित न लिखा करें। बाद में जब ज्ञात हुआ कि वह कैंसर रोग से पीड़ित एक प्रौढ़ सज्जन हैं तो हम उनके

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

वाल सुलभ सारल्य, अद्‌भुत लेखन उत्साह एवं भद्रोचित व्यक्तित्व से बड़े प्रभावित हुए। मात्र ५४ वर्ष की वय नें पुरन्दरजी का निधन १६ सितम्बर ७२ को हो गया।

पं० इन्द्रचन्द्र शास्त्री भा० दि० जैन संघ मथुरा के साथ उसके एक परम उत्साही कार्यकर्ता के रूप में प्राय: प्रारम्भ से ही सम्बद्ध थे। लगभग २५-३० वर्ष से उनके साथ हमारा परिचय था जो गत १६ वर्षों में शोधांक को योजना के कार्यान्वियन व घनिष्टता में परिणत हो गया। सात-आठ वर्ष पूर्व जब हम मथुरा गये तो पण्डितजी और उनके परिवार के स्नेहपूर्ण अतिशय का लाभ मिला और रुग्ण होते हुए भी संघ के हित में वह कितने क्रियाशील हैं, इसका भी परिचय मिला। गत २ अक्तूबर ७२ को हुए उनके निधन से संघ एवं सन्देश का एक महान सेवक उठ गया। हम से जैनधर्म पर अंग्रेजी में एक पुस्तक लिखाने का उनका बड़ा आग्रह था।

मास्टर उग्रसेन जी, जो मूलत: सरधना, जिला मेरठ, के निवासी थे, बड़ौत के जैन स्कूल में अध्यापक रहे, तदनन्तर दिल्ली, काशिपुर और अन्तत: कानपुर आ रहे जहाँ गत १८ नवम्बर ७२ को उनका देहान्त हुआ, भा० दि० जैन परिषद् के एक प्रधान स्तम्भ थे और परिषद् परीक्षा बोर्ड के तो सर्वेसर्वा थे, जिसकी मन्त्री के रूप में उन्होंने पूरे ४५ वर्ष सेवा की। हमारा और उनका घनिष्ट सम्पर्क भी लगभग ४५ वर्ष पुराना है और उनकी प्रेरणा से ही हमने परिषद परीक्षाबोर्ड की प्रवृत्तियों में सदा सहयोग दिया, उसकी पाठ्य-पुस्तकों के निर्माण आदि में भी। भारतीय इतिहास : एक दृष्टि और कुमाँयु-रुहेलखण्ड डायरेक्टरी के निर्माण का तो प्रधान श्रेय उन्हीं की प्रेरणा एवं अथक्-निरन्तर तक़ाजों की है। हम पर उनका बड़ा स्नेह था। इधर कई मास से वह रुग्ण थे और कानपुर में अपने सुपुत्र श्री सलेकचन्द्र की पितृभक्ति एवं सेवा का लाभ उठा रहे थे।

उपरोक्त सभी महानुभावों के वियोग से संस्कृति एवं समाज के साथ-साथ हमारी व्यक्तिगत भी क्षति हुई है। इन सभी दिवंगत आत्माओं की सद्‌गति की कामना करते हुए हम उनके समस्त परिजनों के साथ संवेदना प्रगट करते हैं।

—ज्योतिप्रसाद जैन

भूल सुधार

शोधांक—३० के अन्त में प्रकाशित 'शोधांक २१-३० की लेखक-लेख-नामानुक्रमणिका के अन्तर्गत पृ० २८६ पर श्री गोपीलाल अमर के नाम के नीचे उनके लेख के रूप में 'देवागम स्तोत्र की खोज—पृ० १३१ (२४)' छप गया है, जो वास्तव में क्षुल्लक शीतलसागरजी का लेख है और पृ० २८८ पर उनके नाम के नीचे नं० ३ पर छपना चाहिये था। भूल के लिये हम क्षमार्थी हैं। पाठकगण अपनी प्रतियों में यह भूल सुधार लें।

सम्पादक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

साहित्य परिचय एवं प्राप्ति-स्वीकार

दी हाथीगुफा इन्सक्रिप्शन आफ खारवेल एन्ड दी भाव्रु एडिक्ट आफ़ अशोक-ए क्रिटिकल स्टडी—

लेखक—डा० शशिकान्त जैन: प्रकाशक—प्रिन्ट्स इण्डिया, मोरी गेट, दिल्ली-६; प्र० सं० १९७१, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० १११+xvi, १८ चित्र फलक, २ मानचित्र, मूल्य ३० रु०।

इस उच्चस्तरीय शोध-खोजपूर्ण पुस्तक में कलिंग चक्रवर्ती खारवेल के हाथीगुफा शि० ले० एवं मौर्य सम्राट् अशोक के भाव्रु शि० ले० का आलोचनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। ईसापूर्व की तीन शताब्दियों के भारतीय इतिहास के लिए, विशेषकर तत्कालीन जैन एवं बौद्ध संस्कृतियों के इतिहास के लिए उक्त दोनों सुप्रसिद्ध अभिलेखों का सर्वोपरि महत्त्व है। गत डेढ़ सौ वर्षों में अनेक पाश्चात्य एवं पौर्वात्य प्राच्यविदों ने उन पर प्रभूत कार्य किया है। वर्तमान लेखक ने उन सबकी प्रतिपत्तियों एवं मतों की समुचित समीक्षा करते हुए अपने निष्कर्ष दिये हैं और कई मौलिक स्थापनाएँ की हैं। प्रकृत विषय पर शायद इससे उत्तम पुस्तक अभी तक प्रकाश में नही आई है। डा० रामकुमार दीक्षित तथा प्रो० कृष्णदत्त बाजपेयी जैसे प्रतिष्ठित भारतीय विद्वानों के अभिमत तथा डा० ए. एल. बाशम जैसे शीर्षस्थानीय विदेशी प्राच्यविद के प्राक्कथन से विद्वान् लेखक के इस सद्प्रयास का महत्त्व भली प्रकार प्रगट है। पुस्तक के प्रारम्भ में डायक्रिटिकल संकेत सूची और अन्त में परिशिष्टों के रूप में खारवेल के अभिलेख की नागरी लिपि में अनुकृति तथा संशोधित पाठ का हिन्दी रूपान्तर, वर्गीकृत सहायक ग्रन्थ सूची, कालनुक्रमणिका, ब्राह्मीलिपि का नागरी एवं रोमन लिपियों में रूपान्तर चार्ट, नामानुक्रमणिका, १९ चित्रफलक एवं दो मानचित्रों से पुस्तक की उपयोगिता में अतिशय वृद्धि हुई है। कागज़, मुद्रण, सुन्दर आवरण पृष्ठ सहित साज-सज्जा—सभी दृष्टियों से प्रकाशन पुस्तक के महत्व के अनुरूप अति उत्तम हुआ है।

ब्रह्मनीकल स्कल्पचर्स इन स्टेट म्यूज़ियम लखनऊ—

संपादक—डा० नी० पु० जोशी; प्र०—राजकीय संग्रहालय लखनऊ; प्र० सं० १९७२; बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० १३२+XVI; ६९ चित्र फलक, अनेक रेखाचित्र।

राजकीय संग्रहालय में संग्रहीत ब्राह्मणीय मूर्त्ति कलाकृतियों की सूची का यह प्रथम भाग संग्रहालय का एक महत्त्वपूर्ण प्रकाशन है तथा उसके निदेशक डा० जोशी के परिश्रम एवं सद्प्रयास का सुपरिणाम है। प्रारम्भ में ५ पृष्ठ का प्राक्कथन तथा ७५ पृष्ठ की विद्वत्तापूर्ण विस्तृत प्रस्तावना है जिसमें ब्राह्मण परंपरा के देवी-देवताओं की संख्या वृद्धि, मूर्त्ति एवं मूर्तिपूजा, प्रतिमाविधान तथा प्रमुख-प्रमुख १९ देवमूर्तियों की प्रतिमावैधानिक विशेषताओं का उपयुक्त रेखांकनों की सहायता से विशद विवेचन किया गया है। तदनन्तर सूची में क्रमवार कलाकृतियों का परिचय दिया है और अन्त में उनके ६९ चित्रफलक दिये हैं। सूची मे मथुरा कंकाली टीले से प्राप्त जैन सरस्वती की तथा तीर्थंकर नेमिनाथ के पीरकर में उत्कीर्ण बलराम की मूर्त्तियों को भी सम्मिलित कर लिया

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

गया है ? इसी प्रकार सूचीगत कतिपय नाग-नागि. यक्ष, लोकपाल आदि की तथा अनचीन्हीं मूर्त्तियों का भी जैन परम्परा सम्बन्ध हो सकता है। कागज,मुद्रण आवरण, साजसज्जा उत्तम है। इस उपयोगी प्रकाशन के लिए डा० जोशी धन्यवाद के पात्र हैं।

दी फिलासिफी आफ श्री स्वामी नारायण

ले०—डा० जे० ए० याजनिक; प्र०—ए० डी० इन्स्टीट्यूट आफ इन्डोलाजी, अहमदाबाद; प्र० सं० १९७२, बड़ा आकार,सजिल्द,पृ० सं० १८३+XVI मूल्य ३० रु०।

इस शोध प्रवन्ध में १९वीं शती ई० के प्रथम पाद के एक गुजराती सन्त, श्री स्वामिनारायण अपरनाम स्वामि सहजानन्द (१७८१—१८३० ई०) के स्फुट प्रवचनों एवं उपदेशों के आधार से उनके दार्शनिक सिद्धांतों का निरूपण करने का सफल प्रयत्न किया गया है। यह स्वामी रामानन्द के शिष्य थे और स्वामी नारायण सम्प्रदाय के संस्थापक थे तथा इतने प्रभावशाली थे कि मृत्यु के समय तक इनके लगभग पाँच लाख गृहस्थ और पांच सौ साधु शिष्य हो गये थे। प्रस्तुत ग्रन्थ में विद्वान लेखक ने प्रावेशिक, ज्ञानमीमांसा, तत्त्वज्ञान, तथा मनोविज्ञान-धर्म-आचार शास्त्र शीर्षक चार भागों में विभाजित १८ परिच्छेदों में प्रकृत विषय पर यथाशक्य विशद प्रकाश डालने का तथा अपने नायक के धर्म-सम्प्रदाय को एक व्यवस्थित दार्शनिक आधार अथवा रूप प्रदान करने का प्रयास किया है। प्रारम्भ में संस्था के निदेशक एव ग्रन्थमाला के प्रधान सम्पादक प्रो० दलसुख मालवणिया का प्राक्कथन और अन्त में नामानुक्रमणिका है। कागज, मुद्रण, प्रकाशन उत्तम है। ग्रन्थ पठनीय एवं संग्रहणीय है।

नेमिनाह चरिउ (भाग २)—

रचयिता—हरिभद्र सूरि: सम्पादक—प्रो० एच० सी० भायाणी एवं प्रो० एम० सी० मोदी; प्र०—ला० द० भा० सं० विद्यामन्दिर अहमदाबाद; प्र० सं० १९७१, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० ३०६, मूल्य ४० रु०।

ला० द० ग्रन्थमाला न० ३३ के रूप में प्रकाशित यह ग्रन्थ शोधांक ३१ के पृ०सं०२७६ पर समीक्षित १२वीं शती के हरिभद्र सूरि कृतअपभ्रंश महाकाव्य का शेषांश है। प्रथम भाग के १९२९ छन्दों में भ० नेमिनाथ के ८ पूर्वभवों का वर्णन था और आगे के १९३०-३३१० छन्दों (कडवकों) में उनके अन्तिम (९वें) भव का वर्णन है। ग्रन्थपाठ का सम्पादन स्तरीय है, टाइप, कागज, मुद्रण आदि उत्तम है। किन्तु प्रथम भाग में यह सूचित किया गया था कि ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार विषयक विस्तृत विवेचन द्वितीय भाग की प्रस्तावना में किया जायेगा- ऐसी कोई प्रस्तावना इस भाग में नहीं है। सम्भव है कि उक्त प्रस्तावना पृथक् से प्रकाशित की जाय। अच्छा तो यही होता कि दोनों में से किसी एक भाग में ग्रन्थ पाठ के साथ ही देदी जाती।

न्यायमंजरी ग्रन्थिभंग—

रचयिता—चक्रधर, संपा०— नगीनजी० शाह; प्र०—ला० द० भा० सं० विद्यामन्दिर अहमदाबाद, प्र० सं० १९७२, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ०सं०३००, मूल्य ३६ रु०।

एल० डी० सीरीज न० ३५ के रूप में प्रकाशित यह ग्रन्थ सुप्रसिद्ध नैयायिक जयन्तभट्ट (९०० ई०) कृत न्यायमन्जरी की बौद्ध, न्याय एवं मीमांसा दर्शनों के पण्डित श्री चक्रधर (११वीं शती) द्वारा रचित टीका का स्तरीय, सुसम्पादित संस्करण है। प्रावेशिक कथन में विद्वान सम्पादक ने सम्पादन विधा. ग्रन्थकार टीकाकार, ग्रन्थ आदि के

सम्बन्ध में उपयोगी ज्ञातव्य प्रदान किया है। इस प्रकाशन का महत्त्व इस कारण भी है कि न्यायमंजरी की यह एकमात्र उपलब्ध किन्तु अधुना अप्रकाशित टीका है और मूलग्रन्थ की उलझनों को सुलझाने में अतीव उपयोगी है। कागज, मुद्रण, प्रकाशन उत्तम हैं। यह विद्यामन्दिर के मालवणियाजी प्रभृति अधिकारियों की उदाराशयता एवं विद्या प्रेम हैं कि प्राचीन भारतीय साहित्य के रत्नों को बिना पक्षपात प्रकाशित कर रहे हैं।

अध्यात्म बिन्दु—

रच०—हर्षवर्द्धन; संपादक—मुनि मित्रानन्द-विजय एवं नगीन जे० शाह, प्र० ला० द० भा० सं० विद्यामन्दिर अहमदाबाद, प्र० सं० १९७२, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० ६३+३४, मूल्य ६ रु०।

ला० द० सीरीज न० ३४ के रूप में प्रकाशित यह ग्रन्थ १५वीं शती ई० में हुए उपाध्याय हर्षवर्धन की रचना है, जो प्रथम बार प्रकाशित हो रही है। ग्रन्थ 'निश्चयव्यवहारप्ररूपणप्रवण, कर्तृ-कर्मस्वरूप प्रकाशन प्रवणा, आत्मस्वरूपभावनपरा तथा शुद्धस्वरूप प्रकाशिका' शीर्षक संस्कृत की चार द्वात्रिंशिकाओं में विभाजित है, जिनमें से प्रथम पर सुबोध स्वोपज्ञवृत्ति भी है। यथा नाम तथा गुण यह रचना जैन अध्यात्म विषयक एक सुन्दर कृति है और स्वभावतः उस पर अध्यात्मगुरु कुन्दकुन्दाचार्य एवं उनके टीकाकार अमृतचन्द्र सूरि का स्पष्ट प्रभाव है। ग्रन्थ के विद्वान सम्पादक श्री शाह ने अपनी उपयोगी प्रस्तावना में भी इस तथ्य को लक्ष्य किया है और हर्षवर्द्धन के कई पद्यों का मूल समयसार की गाथाओं एवं उसकी अमृतचन्द्र कृत टीका के श्लोकों से शब्द साम्य एवं भाव स्तम्भ प्रदर्शित किया है। सम्पादन स्तरीय है। मुद्रण-प्रकाशन उत्तम है। स्वाध्याय प्रेमियों, विशेषकर अध्यात्मप्रेमियों के लिए रचना पठनीय एवम् मननीय है।

जैन लक्षणावली—

सम्पादक—बालचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री, प्रका०—वीर सेवा मन्दिर दिल्ली, प्र० सं० १९७२, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० ३१२+१२६, मूल्य २५ रु०।

लगभग ४०० दिगम्बर एवं श्वेताम्बर ग्रन्थों पर से संकलित, मात्र 'अ' से 'औ' पर्यन्त, पारिभाषिक शब्दों का यह महत्त्वपूर्ण कोश उस महान जैन पारिभाषिक शब्दकोश का प्रथम अंश है जिसकी मूलतः परिकल्पना अब से ५० वर्ष पूर्व वीर सेवा मन्दिर एवं अनेकान्त के संस्थापक स्व० आचार्य जुगलकिशोर जी मुख्तारने की थी। दिगम्बर समाज में तो यह कार्य था भी केवल उन्हीं के मान का। सांकेतिक प्रेरणा पाईग-सद्द-महाण्णव से मिली, और उन्होंने अपने सहकारी विद्वानों के सहयोग से अपने वीरसेवा मन्दिर में ही इस दिशा में कार्यारम्भ कर दिया, और इसी सिलसिले में लगभग बीस वर्ष पूर्व पुरातन जैन-वाक्य-सूची जैसे उपयोगी सन्दर्भ ग्रन्थ का प्रकाशन किया। लक्षणावली का कार्य उनके मनोनुकूल प्रगति न कर सका और साधिक ९० वर्ष की वय प्राप्त करने पर भी उनके जीवन में उनका यह स्वप्न साकार न हो सका। इस बीच कलकत्ता के श्री मोहनलाल जी बांठिया ने लेश्याकोश, क्रियाकोश जैसे पारिभाषिक शब्दकोश आधुनिकतम अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक विधा के अनुसार प्रकाशित करके इस दिशा में अमूल्य कार्य किया है और इस कार्य को बढ़ाने में अभी भी लगे हैं। बड़ी प्रसन्नता हुई यह देख कर कि वीर सेवा मन्दिर के वर्तमान अधिकारियों ने स्व० मुख्तार सा० के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने का उपक्रम किया है। सौभाग्य से उन्हें पं० बालचन्द्र जी का सहयोग मिल गया जो इस कार्य में पहले भी योग दे चुके हैं। उन्होंने जिस अध्यवसाय एवं सावधानीपूर्वक इस कोश का सम्पादन किया है,

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वह सराहनीय है। प्रकाशकीय, सम्पादकीय वक्तव्यों के अतिरिक्त पं० परमानन्द जी के दो शब्द, डा० दयानन्द भार्गव का अंग्रेजी प्राक्कथन, स्वयं सम्पादक की ८७ पृष्ठ की विस्तृत एवं विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावना और अन्त में उपयुक्त ग्रन्थों सविवरण सूची एवं ग्रन्थेकान्द्रमान के मणिका ने कोश की उपयोगिता में पर्याप्त वृद्धि की है। परिभाषाओं में मूल पाठों के साथ हिन्दी भावार्थ भी दे दिये हैं। कागज मुद्रण, प्रकाशन उत्तम है। इस प्रकाशन के लिए वीर सेवा मंदिर के क्षधिकारीगण धन्यवाद के पात्र हैं। ग्रन्थ संग्रहणीय है।

जैनेन्द्र सिद्धान्तकोश (भाग १ व २)—

रचयिता—क्षु० जिनेन्द्रवर्णी, प्रका० भारतीय ज्ञान पीठ, भाग १ (अ-औ)—प्र० सं० १९७०, पृ० संख्या ५०३, मूल्य ५० रु०, भा० (क-न) —प्र० सं० १९७१, पृ० सं० ६३४, मू० ५५ रु०, वड़ा आकार, सजिल्द।

भा० ज्ञानपीठ की मूर्ति देवी जैन ग्रन्थमाला के क्रमश: संस्कृत ग्रन्थांक ३८ और ४० के रूप में इस महाकोश के उक्त दो खण्डों का प्रकाशन हुआ है। प्रथमखण्ड के प्रारम्भ में प्रधान सम्पादक द्वय, डा० उपाध्ये एव डा० हीरालाल का अंग्रेजी तथा हिंदी संक्षिप्त संपादकीय वक्तव्य भी है। इस जैन विश्वकोश के निर्माता, संकलनकर्त्ता एवं सम्पादक बालब्रह्मचारी क्षुल्लक जिनेन्द्रवर्णी हैं, जिनकी आयु भी अधिक नहीं है, क्षीणकाय एवं प्राय: अस्वस्थ रहते आये हैं, तथापि गत बीस वर्ष की एकान्त साधना, अथक् परिश्रम एवं अपूर्व लगन के फलस्वरूप इस महान कार्य का सम्पादन करने में समर्थ हुए—वह धन्य हैं। दिगम्बर आम्नाय में मान्य चारों ही अनुयोगों के प्रमुख-प्रमुख ग्रन्थों पर से प्राय: समस्त सैद्धान्तिक, पारिभाषिक एवं वैयक्तिक नाम और तथ्यों का अकारादिक्रम से संकलन करके संदर्भ संकेत सहित परिचय दिया है। जैन सांस्कृतिक कोशों की परम्परा में यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है। जिस कार्य को एक साधन सम्पन्न बड़ी संस्था भी दसियों वर्ष में नहीं करपाती उसे एक व्यक्ति ने अपनी लगन, समर्पण एवं आत्म विश्वास के बल पर कर लिया। ज्ञान पीठ के अधिकारी भी धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने इस महा ग्रन्थ को अपनी संस्था के अनुरूप उत्तम रीत्या प्रकाशित किया। ग्रन्थ संग्रहणीय है, प्रत्येक पुस्तकालय, शास्त्र भण्डार एवं मन्दिर में इसकी प्रतियाँ रहनी चाहियें।

तीर्थंकर पार्श्वनाथ भक्ति गंगा—

संपा०—डा० प्रेमसागर जैन, प्रका०—भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, प्र० सं० १९६९, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० ६६+२४, मू० ५ रु०।

ज्ञा० पी० मूर्त्ति देवी जै० ग्रन्थमाला के इस हिन्दी ग्रन्थांक १३ का सुललित 'अन्तरंग' मुनि विद्यानन्दजी ने लिखा है, १५ पृष्ठ की भूमिका में विद्वान सम्पादक ने तीर्थंकर पार्श्वनाथ के पौराणिक चरित्र, ऐतिहासिकता तथा उन पर रचे गये साहित्य आदि का संक्षिप्त किन्तु गम्भीर विवेचन किया है। तदनन्तर विभिन्न जैन भक्त कवियों एवं सन्तों के लगभग १०० भक्ति परक पद भजनों का चयन किया है तथा प्रत्येक पक्ष का सरलार्थ भी साथ-साथ दे दिया है। हिन्दी जैन साहित्य के भक्ति पक्ष को उजागर करने वाले आधुनिक विद्वानों में डा० प्रेमसागर अग्रणी हैं, और उनका यह सुसम्पादित सुन्दर संकलन पठनीय एवं संग्रहणीय है। कागज, मुद्रण, साज सज्जा, आदि भी उत्तम हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जैन शिलालेख संग्रह (भाग ५)—

संपा०—डा० विद्याधर जोहरा पुरकर, प्रका० भारतीय ज्ञान पीठ, प्र० सं० १९७१, डिमाई आकार सजिल्द, पृ० सं० १४०, मू० ३ रु० ।

माणिकचन्द्र दि० जैन ग्रन्थमाला के ग्रन्थांक ५२ के रूप में प्रकाशित यह पुस्तक सन् १९२८ में स्व० प्रेमी जी द्वारा प्रारम्भ जैन शिला लेख संग्रह की शृंखला में पांचवा भाग है और इसमें सन् १९६० के पश्चात् प्रकाश में आये ३७५ अभिलेखों का परिचय है। विद्वान् संपादक ने अपनी २० पृष्ठ की प्रस्तावना में उक्त लेखों का विभिन्न उपयोगी दृष्टियों से विश्लेषणात्मक अध्ययन भी प्रस्तुत किया है। लेख परिचय भी कालक्रम के अनुसार दिया है, किन्तु अधिकांश शिला लेखों के मूलपाठ नहीं दिये गये, हिन्दी में केवल उनका परिचय मात्र दे दिया गया है, जिससे यह वस्तुत: शिला लेख संग्रह न होकर कतिपय शिला लेखों की एक सूची (कैटेलाग) मात्र बनकर रह गई है। शोध कर्त्ता एवं अध्येता को मूल शिला लेखों को देखने की आवश्यकता फिर भी बनी रही। बहुधा एक विशिष्ट अध्येता को मूल पाठ में ऐसी नवीन चीज मिल जाती है जिस पर सम्पादक की दृष्टि न जा पाई हो। तथापि पुस्तक उपयोगी है, डा० जोहरा पुरकर का परिश्रम सराहनीय है, और प्रकाशन भा० ज्ञान पीठ के अनुरूप उत्तम हुआ, मूल्य भी वर्तमान काल की दृष्टि से अत्यल्प है।

नयायुग : नया दर्शन—

ले० मुनि नगराज, संपा०—मुनि महेन्द्रकुमार प्रथम, प्रका-मंत्री राजस्थान अणुव्रत समिति जयपुर प्र० सं० १९६९, डिमाई, सजिल्द, पृ० सं० १२५, मू० ३-५० रु० ।

ले० श्रमण सन्त हैं और प्रौढ़ विद्वान एवं गम्भीर चिन्तक हैं। उनके स्वयं के शब्दों में 'सामाजिक जीवन का प्रासाद न अति भोग के दल-दल पर खड़ा किया जा सकता हैं और न अति त्याग के उन्नतशिखर पर। उसके लिए समतल भूमि चाहिये।' अतएव, १६ विभिन्न प्रकरणों में उन्होंने वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में संसारी जीवन की विविध समस्याओं को समाधान ऐसी दार्शनिक दृष्टि से प्रस्तुत किया है जो व्यवहार्य है। अतीत में उलझे रहकर वर्तमान की उपेक्षा करना जितना हानिकर है, अतीत को सर्वथा विस्मृत करके वर्तमान में रम जाना भी शायद उससे कम अहितकार नहीं है। पुस्तक बोधप्रद, पठनीय एवं मननीय है।

पथ-प्रकाश--

रच०—मुनि मोहनलाल 'शार्दूल', प्रका० अणुव्रत बाल परिषद कलकत्ता, वि० सं० १९७१, डिमाई, सजिल्द, पृ० सं० ९७, मू० १-२५ रु० ।

पुस्तक में भक्त कवि शार्दूल जी द्वारा रचित ८९ हिन्दी राजस्थानी गीतिकाओं-भजन, स्तवनादि का संकलन है। रचनाएं सुन्दर, गेय एवं बोधप्रद हैं।

कालजयी—

रच०—मुनि विनयकुमार 'आलोक', संपा०-राजेन्द्र नागावत, प्रका० आत्माराम एण्ड सन्स दिल्ली, प्र० सं० १९७१, डिमाई, सजिल्द, पृ० सं० १०५, मूल्य ४ रु० ।

युवक सन्तकवि की १०५ लघुकविताओं का यह संग्रह नयनाभिराम मुद्रण एवं साजसज्जा के साथ प्रकाशित हुआ है। इस उद्‌बोधक एवं नैतिकता-उन्नायक मणिमाला में कवि का अपने आराध्य के प्रति समर्पण, मानवीय मूल्यों का आकलन, देश में विविध स्तरों पर फैले भ्रष्टाचार पर चुभते व्यंग्य, जीवन के आधार श्रद्धा-समर्पण-सद्‌भाव, आदि अनेक विषयों को स्पर्श किया गया है। कविवर रामधारीसिंह दिनकर की सुविचारित भूमिका संग्रह को चार चाँद लगा दिये हैं। 'कालनयी' से सुकवि से नवीन हिन्दी कविता बहुत आशा रखती हैं।

वीतराग विज्ञान (भाग २)––

ले० ब्र० हरिलाल जैन, प्रका० दि० जैन स्वाध्याय मन्दिर ट्रस्ट सोनगढ़, १६७१, डिमाई, पृ० सं० १८४, मू० ५० पैसे।

श्री कुन्दकुन्द—महान् जैनशास्त्रमाला के इस पुष्प नं० १२० में स्व० पं० दौलतराम विरचित छहढाला की द्वितीय ढाल पर श्री कानजी स्वामी के प्रवचन संकलित हैं। उक्त छहढाला उत्तर भारत में पहले ही पर्याप्त लोकप्रिय था, सोनगढ़ संस्थान ने उसके प्रचार को व्यापक बनाने में अभूतपूर्व योग दिया है। प्रस्तुत प्रकाशन उसी की एक कड़ी है, जो मुख्यत: ब्र० हीरालालजी के परिश्रम का सुफल है।

असंयमीस वन्दू नये––

ले० कांतिलाल शाह, प्रका० कपिलभाई टी० कोटडिया हिंमतनगर (गुजरात) १६७१, पृ० सं० ४५

मराठी भाषा में प्रकाशित इस पुस्तिका में 'अव्रती वन्दना योग्य नहीं है। ऐसा श्री कानजी स्वामी को लक्ष्य करके लिखा गया है।

एसेन्स आफ़ जैनिज्म––

मूल लेखक—पूरनचन्द सामसूखा, अंग्रेजी अनुवादक—गणेश ललवानी; प्र० सं० १६६६, डिमाई, पृ० सं ३७, मू० ७५ पैसे।

इस छोटी-सी पुस्तिका में जैनधर्म का संक्षिप्त परिचय सुन्दर दिया है। मुद्रण-प्रकाशन उत्तम है।

सातटि जनतीर्थ—

ले० गणेश ललवानी, पु० जैनभवन कलकत्ता, बड़ा आकार, पृ० सं० ५५।

बंगला भाषा की इस पुस्तक में सात जैन तीर्थों–सम्मेदशिखर, देलवाड़ा, शत्रुंजय, गिरनार, श्रवण बेल्गोल, उदयगिरि-खण्डगिरि एवं पावापुरी का सचित्र परिचय दिया गया है।

अतिमूर्त्त

ले० गणेश ललवानी, प्र० जैनभवन कलकत्ता, बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० १२४, मू० ४ रु०।

बंगला भाषा की इस पुस्तक में सोलह जैन पौराणिक एवं ऐतिहासिक तपोधन महापुरुषों का जीवन परिचय दिया गया है, साथ में उपयुक्त रेखाचित्र भी दिये गये हैं। जैन भवन इस बंगला पुस्तक माला का उद्देश्य बंगला भाषी लोगों को जैनधर्म का परिचय कराना है।

भगवान महावीर की अहिंसा—

प्रकाशक—प्रेम रेडियो एण्ड इलेक्ट्रिक मार्ट दिल्ली, १६७२, डिमाई, पृ० सं० ६०; अमूल्य।

पुस्तक में लेखक का नाम कहीं नहीं दिया। अहिंसा तथा सम्बन्धित अनेक विषयों का सरल एवं व्यवहारिक विवेचन है।

 CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तत्वार्थसूत्र (भाषा पद्यानुवाद)--

लेखक—प्रकाशक—नन्दकिशोर जैन, लखनऊ, १९७२, पृ० सं० ३४, मू० ५० पैसे।

श्री नन्दकिशोर ने सुप्रसिद्ध तत्त्वार्थसूत्र के प्रथम दो अध्यायों के सूत्रों का भाषा पद्य में रूपान्तर किया है। साथ ही प्रत्येक सूत्र की पद्यात्मक व्याख्या भी की है। पहले भी मास्टर मुख्त्यारसिंह (ब्र० मुक्त्यानन्द) ने तथा कई अन्य सज्जनों ने इस प्रकार के प्रयास किए हैं। प्रस्तुत लेखक का उत्साह एवं प्रयत्न सराहनीय है, अनुवाद वहुत कुछ मूलानुसारी है। भाषा सरल सुबोध है।

सराक बन्धुओं के बीच--

ले० बाबूलाल जैन 'जमादार', प्रकाशक—श्री अहिंसा निकेतन, बेलाचम्पा (बिहार), १९७१, पृ० स० ६४, पुष्प नं० ६।

लगभग गत एक वर्ष से पंडित जमादारजी बिहार में सराकों के बीच कार्य कर रहे हैं। इस पुस्तिका में उन्होंने उक्त सराकों का—उनके निवास, स्थानों, जनसंख्या, संस्थाओं, स्थिति एवं दशा आदि का तथा इस सम्बन्ध में किये गये अपने कार्यकलापों का परिचय दिया है।

श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ--

संग्राहक सम्पादक—जिनेन्द्र लेखक, प्रका०सुनील कुमार जैन रामपुर, प्र० सं० १९७२, बड़ा आकार, पृ० सं० ५८, मूल्य १-६० पैसे।

पुस्तक के प्रथम भाग उक्त तीर्थक्षेत्र के इतिहास सर्व गौरव सम्बन्धित सामग्री विभिन्न पुस्तकों आदि से संकलित की है तथा उत्तरार्ध में पार्श्वप्रभु की भक्ति से ओतप्रोत स्तवन, पद, भजन आदि संकलित किये हैं, जिनमें से कुछ स्वयं सम्पादक द्वारा रचित हैं। जिनेन्द्र सेवक अच्छे उत्साही, तीर्थभक्त एवं समाज सेवी सज्जन हैं। पुस्तक संग्रहणीय हैं।

मणिधारी श्री जिनचन्द्रसूरि अष्टम-शताब्दी स्मृति ग्रन्थ--

संपा०—अगरचन्द नाहटा एवं भँवरलाल नाहटा, प्रका०—म० श्री जिनचन्द्र सूरि अ० श० समारोह समिति दिल्ली, १९७२, बड़ा आकार, सजिल्द, सचित्र, पृ० सं० १८८+७२, मूल्य १० रु०।

बारहवीं शती ई० के एक परम प्रभावक श्वेताम्बराचार्य की पुण्यस्मृति में इस ग्रन्थ का प्रकाशन हुआ है। उनके गुरु जिनदत्तसूरिजी भी महान् प्रभावक एवं क्रान्तिकारी युग पुरुष थे। इन आचार्यद्वय का कार्यक्षेत्र मुख्यतया हिन्दी और उसके आस-पास का क्षेत्र रहा है और वहीं मणिधारीजी का स्वर्गवास हुआ था। अतएव दिल्ली में उनका अष्टम शताब्दी समारोह मनाया गया और उसी उपलक्ष्य में जैनजगत के जाने-मानें इतिहासज्ञ विद्वान् एवं भारी साहित्यकार कार चचा-भतीजे नाहटाद्वय ने इस महत्वपूर्ण स्मृति-ग्रन्थ की योजना को कार्यान्वित किया। ग्रन्थ के प्रथमखण्ड में विद्वानों द्वारा लिखित ४३ उत्तम लेखों का चयन है जो ग्रन्थ नायक और उनकी परम्परा के इतिहास, उनके धर्मप्रभावक कार्य एवं साहित्यसाधना तथा उनकी सांस्कृतिक देनों का प्रभूत परिचय प्रदान करते हैं। दूसरे खंड में नाहटाद्वय द्वारा संकलित तथा महोपाध्याय विनयसागर द्वारा सम्पादित खरतरगच्छ के आचार्यों द्वारा रचित विपुल साहित्य की वर्गीकृत परिचयात्मक सूची है। जैनपरम्परा एवं साहित्य के अध्येताओं के लिए ग्रन्थ अतीव उपयोगी है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

विदिशा मार्ग-दर्शिका--

लेखक एवं प्रकाशक—राजमल जैन मड़वैया, विदिशा (म. प्र.); प्र० सं० १९६९; बड़ा आकार, सजिल्द, पृ० सं० ३४४, मूल्य १२ रु० ।

मड़वैयाजी बड़े उत्साही पुरातत्त्वान्वेषक हैं और विदिशा (भेलसा) तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में उन्होंने अथक् खोज के फल स्वरूप अनेक प्राचीन जैन कलावशेष तथा पुरातात्त्विक महत्त्व की वस्तुएँ ढूँढ निकाली हैं, यथा चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के अग्रज महाराज रामगुप्त 'द्वारा प्रतिष्ठापित तीन तीर्थंकर प्रतिमाएँ । खेद है कि उन्हें शासन या समाज से यथोचित प्रोत्साहन नहीं मिला । प्रस्तुत ग्रन्थ में उन्होंने अपनी विविध खोजों का विवरण, अपने वंश का परिचय, विदिशा का इतिहास, उसके दर्शनीय या ऐतिहासिक महत्त्व के स्थानों आदि का परिचय दिया है । उनकी शैली अपनी है, उनकी अनेक कल्पनाओं से पाठक सहमत नहीं भी हो सकते । लेखन की अपेक्षा बोलने का अभ्यास अधिक है, इसी से बीच-बीच में अनगिनत संस्कृत, हिन्दी, सुभाषित, उक्तियाँ, पदभजन आदि भी बिखेर दिये हैं, जो प्रसंग में भले ही फिट न होते हैं, पढ़ने में रोचक एव बोधप्रद हैं ।

महावीर जयन्ती स्मारिका (१९७२)—

प्रधान संपादक—भँवरलाल पोल्याका, प्रकाशक—मन्त्री, राजस्थान जैनसभा जयपुर, बड़ा आकार, सचित्र, पृ० सं० २५०, मूल्य २ रु० ।

पण्डित पोल्याकाजी तथा उनके छः विद्वान् सहयोगी सम्पादकों के अध्यवसाय एवं जैनसभा के मन्त्री श्री रतनलाल छाबड़ा तथा सदस्यों के उत्साह के फलस्वरूप इस वर्ष की महावीर जयन्ती स्मारिका भी सर्वप्रकार उत्तम, सुन्दर एवं पठनीय सामग्री से पूरित है । स्मारिका के प्रथम खण्ड में भ० महावीर विषयक २७ रचनायें, दूसरे खंड में साहित्य, कला एवं पुरातत्त्व विषयक ३० लेख तथा तृतीय खंड में अंग्रेजी के ६ निबन्ध आदि हैं । सभी रचनाएँ पठनीय हैं । स्मारिका संग्रहणीय है । मुद्रण, प्रकाशन, साजसज्जा उत्तम है ।

ईस्ट एण्ड वेस्ट–

रोम की इस्मेओ नामक संस्था द्वारा प्रकाशित तथा प्रोफेसर जी. टुची द्वारा सम्पादित शोत्रपत्रिका की नई सीरीज़ के भाग २० का अंक ४ तथा भाग २१ का संयुक्तांक ३-४ भी पूर्ववत प्राच्यविद्या से सम्बन्धित उत्तम सामग्री से युक्त हैं, अधिकतर सामग्री भारतेतर अन्य एशियाई देशों के पुरातत्त्व आदि से सम्बन्धित है ।

जैन-जर्नल(महावीर जयन्ती स्पेशल नंबर)-

श्री गणेश ललवानी द्वारा सम्पादित तथा जैन भवन कलकत्ता द्वारा प्रकाशित अंग्रेजी की यह एकमात्र जैन त्रैमासिक पत्रिका नियमित रूप से निकल रही है । कागज-मुद्रण-साजसज्जा में अपना स्पृहणीय स्तर बनाये हुए है और लेख सामग्री का स्तर भी उत्तरोत्तर निखर रहा है, जिसका मुख्य श्रेय पत्रिका के लगन शील सुयोग्य सम्पादक ललवानीजी को है । प्रस्तुत महावीर जयन्ती विशेषांक (भाग ६, नं० ४, अप्रेल १९७२) में सामान्य से अधिक, लगभग १०० पृष्ठ हैं, कई चित्र हैं और जैनाजैन प्रौढ़ विद्वानों के जैनधर्म एवं संस्कृति विषयक पाँच पठनीय लेख हैं ।

संग्रहालय पुरातत्त्व पत्रिका--

अंक ७, जून १९७२, तथा अंक ८, दिस०१९७ ।

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ, के सांस्कृतिक कार्य एवं वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग द्वारा प्रकाशित तथा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

